

RNI NO-UPHIN/2023/84340

सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | sabsetejprj2023@gmail.com | शुक्रवार, 13 नवंबर 2026 | वर्ष: 04, अंक: 302, पृष्ठ: 08, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

50 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया: पीएम मोदी

मीडिया से देश की सफलता की कहानियों पर काम करने का आग्रह, नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता फैलाने की अपील

नई दिल्ली/एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुरुवार को मीडिया से देश की सफलता की कहानियों पर काम करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में पहले से ही काफी काम हो रहा है। पीएम मोदी ने भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों के लिए आयोजित 'दीवाली मिलन' कार्यक्रम में बोलते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया और विश्वास जताया कि भारत निश्चित रूप से एक विकसित देश बनेगा।

50 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'एनडीए सरकार देश से गरीबी दूर करने में सफल रही है और 50 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया है।' पीएम ने कहा, 'पहले गरीबी हटाओ के नारे लगते थे, लेकिन असल में गरीबी को इस सरकार ने दूर किया है। विश्व बैंक के अनुसार, पिछले 12 वर्षों में 50 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया है।'

मीडिया से पुराना नाता

प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि मीडिया के साथ उनका पुराना नाता रहा है, यहां तक कि उन दिनों से, जब वे ऐसे कार्यक्रमों में कुर्सियां लगाने का काम किया करते थे।





क्रार्यक्रमों में कुर्सियां लगाने का काम करता था: पीएम मोदी

नई दिल्ली

दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीजेपी मुख्यालय में गुरुवार को एक कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने एक किस्सा याद किया कि कैसे पत्रकारों ने उन्हें बताया कि वह गुजरात के मुख्यमंत्री बन गए हैं और उनसे मिठाइयां बांटने के लिए कहा। पत्रकारों के लिए आयोजित बीजेपी के दीवाली मिलन कार्यक्रम में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जब पत्रकार उनके कमरे में आए और उनसे कहा, "अब आप गुजरात के सीएम बन गए हैं, मिठाई खिलाइए।" तब तक पार्टी के केवल कुछ वरिष्ठ नेताओं को ही इस बारे में पता था।



मीडिया से जुड़ाव को किया याद

पीएम ने कहा, 'मैंने मीडिया के साथ काम किया है और इसे प्रेस रिलीज के दौर से लेकर इंस्टाग्राम रील्स के दौर तक विकसित होते देखा है।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं भारतीय मीडिया से देश की सफलता की कहानियों पर काम करने का अनुरोध करता हूं।

मीडिया के साथ अपने लंबे जुड़ाव को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने प्रेस रिलीज के दौर से लेकर आज के इंस्टाग्राम रील्स के युग तक मीडिया को बदलते देखा है। उन्होंने अपने शुरूआती दिनों को भी याद किया, जब वह ऐसे ही कार्यक्रमों में कुर्सियां लगाने का काम किया करते थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को जीवंत बनाए रखने में मीडिया ने अहम भूमिका निभाई है और साथ ही जोड़ा कि पत्रकारिता में कुछ भी असंभव नहीं है।

"देश ने आज अपने लक्ष्यों को समयसीमा में बांध दिया"

प्रधानमंत्री ने कहा कि मीडिया जगत में समाचार भेजने और प्रसारित करने की समयसीमा का उदाहरण दिया। इसके माध्यम से उन्होंने कहा कि व्यक्ति, संस्था और देश पर भी समयसीमा लागू होती है। इसी को देखते हुए देश ने आज अपने लक्ष्यों को समयसीमा में बांध दिया है। 2047 तक हमें देश को विकसित बनाना है। उनका मानना है कि इसे पाना मुश्किल नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लक्ष्यों को पूरा करने का समय तय करने से काम की प्राथमिकता, तरीका और रफ्तार बदल जाती है। आजादी के संघर्ष का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि शुरूआत में छोटे लक्ष्यों से आगे बढ़ा जाता है। इन छोटे-छोटे लक्ष्यों को पूरा कर आज देश विकसित भारत की ओर आगे बढ़ रहा है। इस दौरान उन्होंने पिछले 12 सालों में उनकी सरकार की उपलब्धियां गिनाई और कहा कि अगर देश 12 साल के अंदर 50 करोड़ से अधिक लोगों का अत्यंत गरीबी की से बाहर निकाल सकता है तो 20 सालों में देश विकसित बनाना कठिन कार्य नहीं है।



आज कर्नाटक और गुजरात दौरे पर जाएंगे पीएम मोदी, परियोजनाओं की देंगे सौगात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 और 14 नवंबर को कर्नाटक तथा गुजरात के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह बेंगलुरु मेट्रो के नए चरण को हरी झंडी दिखाएंगे और कर्नाटक में 15,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे।

प्रधानमंत्री 13 नवंबर को बेंगलुरु में प्रशांति कुटीरम के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद तावरेकेरे से आइआइएम बेंगलुरु मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो यात्रा करेंगे। वह मैसुरु में भारत वन में पौधारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लेने के साथ कासमास-मैसुरु तारामंडल का उद्घाटन भी करेंगे। पीएम मोदी मंगलुरु में 850 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित देश की सबसे बड़ी भूमिगत एलपीजी भंडारण सुविधा राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसकी क्षमता 80 हजार मीट्रिक टन है। इसके अलावा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित चार रेलवे स्टेशनों- चामराजनगर, चिकमगलूर, सकलेशपुर और सुब्रह्मण्य रोड का उद्घाटन करेंगे।

Reg. No.: 0917500106

सत्यम शिवम हास्पिटल

टिकरी, कौड़िहार, प्रयागराज

संचालित सत्यम पब्लिक एजूकेशनल सोसाइटी 9/9/1A लुकरगंज प्रयागराज के द्वारा

नोट :- हमारे यहाँ हर समय विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध है और सभी प्रकार का इलाज कुशलता से किया जाता है।



- 150 बेड की व्यवस्था
- आई0 सी0 यू0
- एन0 आई0 सी0यू0
- आपरेशन थियेटर
- वेन्टीलेटर, वाई0 पैप
- ओ0पी0डी0
- ई0 सी0 जी0
- डिजिटल एक्स-रे
- पैथोलॉजी
- अल्ट्रासाउण्ड
- नार्मल डिलीवरी
- आपरेशन से डिलीवरी की व्यवस्था
- 24 घंटा ऑक्सीजन की सुविधा
- 24 घंटा इमरजेन्सी की सुविधा
- एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध

निर्देशक : संजय शुक्ल

सम्पर्क सूत्र : 9451181332, 9198860735



4

कालेज कोड 01083

सत्यम् शिवम् शुभम् ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स

टिकरी, धरवनपुर, प्रयागराज

सम्बद्ध प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज

छात्रवृति की सुविधा भी उपलब्ध है।

Website : http.sssgroup.co.in

हेल्पलाइन नं.: 9451181332, 9198860735





संजय शुक्ल
चेयरमैन

Course
B.A., M.A., B.Sc, M.Sc., (Ag)
B.Com., M.Com., LL.B.
B.A.LL.B., B.Pharma
D.Pharma, ITI, BTC.



राजकुमारी शुक्ला
निर्देशक

1

महिला टीचर पानी की टंकी पर चढ़ी: बोलीं- प्रधान रोड नहीं बनवा रही, गालियां देती है; यह मेरा आखिरी वीडियो


टीचर मीनाक्षी ने टंकी पर चढ़कर वीडियो बनाया। इसमें कहा कि यह मेरा आखिरी वीडियो होने वाला है।

संजीव विश्वकर्मा सबसे तेज प्रयागराज बिजनौर, बिजनौर में महिला टीचर पानी की टंकी पर चढ़ गईं। वह घर के सामने सड़क नहीं बनने से परेशान हैं। रोते हुए वीडियो बनाया। इसमें टीचर कहती दिख रही हैं- रोड पर कीचड़ और पानी भरा रहता है।

कई बार शिकायत के बाद भी प्रधान अमरकली सड़क नहीं बनवा रही। मुझे परेशान कर रही है। गालियां दी जाती हैं। यह मेरा आखिरी वीडियो है।टीचर ने प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वह सदर से भाजपा विधायक सूची मौसम चौधरी और अफसरों को मौके पर बुलाने की जिद पर अड़ी रही।

सूचना पर शहर कोतवाल अवनीत मान और नायब तहसीलदार हिमांशु शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्हें सड़क बनवाने का आश्वासन दिया। करीब 4 घंटे बाद महिला टीचर बड़ी मुश्किल से नीचे उतरी। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का बुधवार शाम 4 बजे का है।हमीदपुर में रहने वाले अरविंद कुमार की पत्नी मीनाक्षी एक पब्लिक स्कूल में टीचर हैं। उनके एक बेटा शुभ और बेटी ईशु है। पति स्कूल में गाड़ी चलाते हैं।

मीनाक्षी का कहना है कि ग्राम प्रधान ने उनके घर के सामने आम रास्ता नहीं बनवाया है। इससे घर के सामने पानी भर जाता है और कीचड़ रहता है।

मीनाक्षी का कहना है कि रास्ते के दोनों ओर नालियां भी नहीं बनी हैं। इससे आए दिन स्कूली बच्चे और गांववाले फिसलकर गिर जाते हैं। रिक्शे भी पलटते रहते हैं।

2 साल से रास्ते की यही स्थिति है, लेकिन प्रधान इसे सही कराने के लिए तैयार ही नहीं है।

बोलीं- विधायक और अफसरों को बुलाओ, तब उतरूंगी

बार-बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने से नाराज मीनाक्षी बुधवार को गांव में बनी पानी की टंकी पर चढ़ गईं। उन्होंने सड़क बनवाने, ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई करने और घर के पास लगे ट्रांसफॉर्मर को हटवाने की मांग की।

पुलिस ने उन्हें काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नीचे उतरने को तैयार नहीं हुईं। सदर विधायक और बड़े अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ी रहीं।

उन्होंने टंकी से एक वीडियो भी बनाया।

अब पढ़िए टीचर वीडियो में क्या बोलीं...

टीचर मीनाक्षी ने कहा- यह मेरा आखिरी वीडियो होने वाला है। मैं इस समय अपने गांव की सरकारी पानी की टंकी पर हूं। प्रधान ने हम लोगों को बहुत परेशान कर रखा है। आए दिन प्रताड़ित किया जाता है, गालियां दी जाती हैं। तरह-तरह से हमें परेशान किया जाता है।

अगर मुझे कुछ होता है तो इसके जिम्मेदार हमीदपुर गांव के लोग होंगे। कई बार अपनी बात रखने के लिए थाने जा चुकी हूं। कई शिकायतें भी दे चुकी हूं, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई।

6 महीने पहले भी गांववालों ने धरना दिया था

गांववालों ने बताया कि रास्ता बनवाने की मांग को लेकर करीब 6 महीने पहले भी लोगों ने 3 दिन तक धरना दिया था। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ।

आरक्षी भर्ती-2025 : मेडिकल परीक्षण स्थल का एसपी ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



सबसे तेज प्रयागराज

फतेहपुर। पुलिस लाइन में गुरुवार को आरक्षी भर्ती-2025 के तहत अभ्यर्थियों का चिकित्सा परीक्षण कराया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने मेडिकल परीक्षण स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसपी ने चिकित्सा परीक्षण की पूरी प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। साथ ही अभ्यर्थियों के मेडिकल परीक्षण के लिए की गई व्यवस्थाओं और परिसर में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने परीक्षण स्थल पर चल रही कार्यवाही का जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

1048 शौचालयों की रेट्रोफिटिंग जल्द पूरी कराएं : डीएम

स्वच्छ भारत मिशन की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश, 100 तालाबों को मॉडल के रूप में किया जाएगा विकसित



स्वाती मिश्रा सबसे तेज प्रयागराज

कौशाम्बी। उदयन सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की बैठक कर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने लक्ष्य के सापेक्ष अवशेष 1048 व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोफिटिंग का कार्य जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया।

डीएम ने ग्राम पंचायतों में स्ट्रीट लाइट, पीए सिस्टम और सीसीटीवी कैमरे लगाने की कार्रवाई प्राथमिकता से पूरी कराने को कहा। इसके लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को संबंधित एसडीएम से समन्वय बनाने के निर्देश दिए। आरआरसी केंद्रों के संचालन में सुधार लाने के लिए सभी खंड विकास अधिकारियों को प्रभावी कार्रवाई करने को कहा।

सामुदायिक शौचालयों की समीक्षा के दौरान डीएम ने केयरटेकरों का मानदेय समय से भुगतान कराने के निर्देश दिए। वहीं, 'मेरा तालाब, मेरी जिम्मेदारी' अभियान के तहत चयनित 100 तालाबों को प्लास्टिक मुक्त और ग्रे-वाटर प्रबंधन की व्यवस्था के साथ मॉडल तालाब के रूप में विकसित करने को कहा।

बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि ग्राम पुरखास की प्लास्टिक यूनिट में 64.27 कुंतल और टेंवा की यूनिट में 78 कुंतल प्लास्टिक एकत्र किया गया है। इसकी धुलाई और छंटाई कराई जा रही है। प्लास्टिक की बिक्री के लिए संबंधित विभागों से समन्वय किया जा रहा है। अन्य वेंडरों के माध्यम से भी बिक्री कर ओएसआर अर्जित किया जा रहा है।

डीएम ने की जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक

विशिष्ट वनों को पार्क के रूप में विकसित कराने के निर्देश

सबसे तेज प्रयागराज

कौशांबी। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रत्येक विकास खण्ड के 05-05 स्थानों पर विकसित किए गए विशिष्ट वनों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त,वी.बी.-जी.राम.जी. विनय कुमार मिश्र से कहा कि विशिष्ट वनों में जनसुविधाओं-बच्चों के लिए झूला, मॉर्निंग वॉक के लिए पाथवे एवं पेयजल आदि कार्य कराकर पार्क के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी, सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं सभी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को ग्रामों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामों में साफ-सफाई न होने की शिकायत/लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी को देव दीपावली के अवसर पर गंगा घाट पर भव्य एवं सुव्यवस्थित कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अधिशासी अधिकारी एवं सदस्य,जिला गंगा समिति विनय पण्डा से कहा कि गंगा घाटों को साफ व स्वच्छ रखने के लिए आमजन का सहयोग प्राप्त करते हुए जागरूकता अभियान संचालित किया जाए।

जिलाधिकारी ने की ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा

विकसित भारत-जी.राम.जी. योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में उत्कृष्ट कार्य कराने के निर्देश

कौशांबी। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज उदयन सभागार में ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं/कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने विकसित भारत-जी.राम.जी. योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त विनय कुमार मिश्र से कहा कि योजनान्तर्गत सभी ग्राम पंचायतों में कार्य कराए जाएं तथा प्रत्येक विकास खण्ड में कम से कम 05-05 उत्कृष्ट कार्य भी कराए जाएं। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों से कहा कि उप जिलाधिकारी से तालाबों की सूची प्राप्त कर उन तालाबों का जीर्णोद्धार कराया जाए। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त, एन.आर.एल.एम. को लक्ष्य के सापेक्ष स्वयं सहायता समूह गठन में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत अधूरे रह गए आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

तीन परिवारों में सुलह, पुराने गिले-शिकवे भुलाकर साथ रहने को हुए राजी

10 मामलों की हुई सुनवाई, सात में सहमति नहीं बनने पर अगली तारीख



सबसे तेज प्रयागराज

कौशाम्बी। परिवार परामर्श केंद्र में गुरुवार को पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों को सुलझाने के लिए काउंसलिंग की गई। इस दौरान तीन दंपतियों के बीच आपसी सहमति बन गई। दोनों पक्ष पुराने गिले-शिकवे भुलाकर साथ रहने को राजी हो गए। वहीं, सात मामलों में सहमति नहीं बनने पर अगली तारीख दी गई।

पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण के निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी अर्चना चौबे और टीम ने 10 शिकायतों से जुड़े पति-पत्नी को बुलाकर उनकी बात सुनी। दोनों पक्षों को समझाने और आपसी बातचीत के बाद तीन मामलों में सुलह करा दी गई। दंपतियों को आपसी विश्वास, सम्मान और सामंजस्य के साथ जीवन बिताने की सलाह दी गई।

इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साइबर अपराधों से बचाव और मतदान के महत्व की जानकारी भी दी गई।

साथ ही 112, 1090, 181, 1098 और 1930 समेत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया। सुलह के बाद तीनों परिवारों को खुशी-खुशी घर भेजा गया।

विशिष्ट वनों को पार्क के रूप में विकसित करने के निर्देश

डीएम ने पर्यावरण और जिला गंगा समिति की बैठक में की समीक्षा, गांवों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने की चेतावनी

सबसे तेज प्रयागराज

कौशाम्बी। उदयन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक हुई। इसमें पर्यावरण संरक्षण, गांवों की साफ-सफाई और गंगा घाटों की स्वच्छता को लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए।

डीएम ने प्रत्येक विकासखंड में पांच-पांच स्थानों पर विकसित किए गए विशिष्ट वनों की समीक्षा की। उन्होंने उपायुक्त वीबी-जी रामजी विनय कुमार मिश्र से कहा कि इन वनों में बच्चों के लिए झूले, मॉर्निंग वॉक के लिए पाथवे और पेयजल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें पार्क के रूप में विकसित किया जाए।

जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारियों और सहायक विकास अधिकारियों (पंचायत) को गांवों में बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सफाई में लापरवाही या शिकायत मिलने पर संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, देव दीपावली के अवसर पर गंगा घाट पर भव्य और सुव्यवस्थित कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश प्रभागीय वनाधिकारी को दिए। डीएम ने गंगा घाटों को स्वच्छ रखने के लिए आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने और जागरूकता अभियान चलाने को भी कहा।

पुलिस ने दो वारंटी को किया गिरफ्तार





सबसे तेज प्रयागराज

फतेहपुर। जिले में वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को ललौली और बिंदकी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया।

ललौली पुलिस ने जुआ अधिनियम के मुकदमे में वारंटी रीतेश उर्फ शनी पुत्र रविनाथ साहू निवासी आजाद नगर, बहुआ को गिरफ्तार किया। वहीं, बिंदकी पुलिस ने दहेज हत्या और उत्पीड़न के मुकदमे में वारंटी अभिषेक कुमार पुत्र राजाराम निवासी पुरानी बिंदकी को पकड़ा। दोनों आरोपी न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर गिरफ्तार किए गए।

ललौली पुलिस की टीम में चौकी प्रभारी बहुआ सुमित तिवारी, दीपक मौर्या और दीपांशु यादव शामिल रहे। वहीं, बिंदकी पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रामानुज यादव, नरेंद्र बुंदेला और सूर्यप्रताप राय रहे।

त्योहारों को लेकर अंदावा चौराहे पर चला चेकिंग अभियान, कई वाहनों का चालान






राम सिंह यादव सबसे तेज प्रयागराज झूंसी, प्रयागराज। त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गुरुवार को अंदावा चौराहे पर पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान छोटे और बड़े वाहनों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन चालकों के चालान भी किए गए।

उपनिरीक्षक अंकित कुमार और झूंसी चौकी प्रभारी हरिशंकर ने बताया कि त्योहारों को देखते हुए पुलिस सतर्कता बरत रही है। इसी क्रम में संदिग्ध वाहनों की जांच के साथ यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। उन्होंने वाहन चालकों से नियमों का पालन करने और पुलिस जांच में सहयोग करने की अपील की।

राजस्व वसूली में लापरवाही पर डीएम नाराज, एआईजी स्टाम्प का वेतन रोकने के निर्देश

कर-करेत्तर और राजस्व कार्यों की समीक्षा में अधिकारियों को लक्ष्य पूरा करने की चेतावनी, सिराथू तहसीलदार को भी नोटिस



सबसे तेज प्रयागराज

कौशाम्बी। उदयन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और राज्यकर विभाग के उपायुक्त को सुधार लाने के निर्देश दिए।

डीएम ने परिवहन, वन, आबकारी, नगर निकाय, खनन और विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करने और प्रवर्तन की कार्रवाई बढ़ाने को कहा। बैठक में अनुपस्थित रहने पर एआईजी स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए।

आरसी वसूली की समीक्षा में सिराथू तहसील की प्रगति संतोषजनक नहीं मिलने पर तहसीलदार को चेतावनी जारी करने को कहा। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने आय, जाति और निवास प्रमाणपत्रों के आवेदनों का निर्धारित समय में निस्तारण करने पर जोर दिया। साथ ही पात्र लोगों को कृषि भूमि और आवासीय भूमि के पट्टे आवंटित कर योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

एएसपी ने रात में चलाया वाहन चेकिंग अभियान, संदिग्ध वाहनों की ली तलाशी



सबसे तेज प्रयागराज

कौशाम्बी। अपराध और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गुरुवार रात अपर पुलिस अधीक्षक अमिता सिंह ने मंझनपुर थाना क्षेत्र के टेवा में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने संदिग्ध वाहनों को रुकवाकर उनकी सघन जांच कराई और वाहन चालकों से पूछताछ की।

एएसपी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को रात में विशेष सतर्कता बरतने और नियमित गश्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर नजर रखने को कहा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिले में रात्रि गश्त और वाहन चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

नाबालिग को भगाने और दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार



सबसे तेज प्रयागराज

कौशाम्बी। सरायअकिल थाना पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान करन कुमार पुत्र राजकुमार निवासी खरका फकीराबाद, थाना सरायअकिल के रूप में हुई है।

पुलिस के मुताबिक, 29 अक्तूबर को एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग बेटी को करन बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू की थी। किशोरी की बरामदगी और बयान के आधार पर मामले में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गई थीं। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर सरायअकिल पुलिस टीम ने आरोपी करन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

एनएच-2 पर बाइक से खतरनाक स्टंट करना पड़ा भारी, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर बाइक की सीज

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद थरियांव पुलिस ने की कार्रवाई, बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज



सबसे तेज प्रयागराज

फतेहपुर। सोशल मीडिया पर बाइक से खतरनाक स्टंट करने का वीडियो वायरल होने के बाद थरियांव पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने एनएच-2 पर तेज रफ्तार में बाइक से स्टंट करने वाले युवक को हिरासत में लेकर मोटरसाइकिल सीज कर दी। साथ ही आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, वायरल वीडियो में एक युवक सार्वजनिक मार्ग एनएच-2 पर यामाहा एमटी-15 मोटरसाइकिल से तेज गति और लापरवाहीपूर्वक स्टंट करता दिखाई दे रहा था। वीडियो का संज्ञान लेते हुए थाना थरियांव पुलिस ने जांच की तो घटना सही पाई गई। जांच में बाइक संख्या यूपी-71-बीबी-9476 रंजीत कुमार (22) पुत्र प्रेम शंकर निवासी विलन्दा कासिमपुर, बीबी हॉल्ट, थाना थरियांव के नाम पंजीकृत मिली। पुलिस के अनुसार, बाइक रंजीत ही चला रहा था।

पुलिस का कहना है कि युवक के इस कृत्य से सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों की जान को खतरा हो सकता था और गंभीर हादसा होने की आशंका थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मोटरसाइकिल मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दी।

थाना थरियांव में आरोपी के खिलाफ मुकदमा संख्या 320/2026 के तहत बीएनएस की धारा 281, 270 और 125 में अभियोग दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पटेल नगर में धूमधाम से मनाई गई सरदार पटेल की जयंती, विशाल मेले में उमड़ी भीड़

सबसे तेज प्रयागराज

अजय कुमार गंगापार, प्रयागराज। विधानसभा फाफामऊ के ऐतिहासिक पटेल नगर चौराहा पर मंगलवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में विशाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में सुबह से ही क्षेत्र के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही। मनोरंजन के लिए रात्रि में नौटंकी का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फाफामऊ के भाजपा विधायक गुरु प्रसाद मौर्य रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ0 रामराज सरोज (भावी जिला पंचायत सदस्य), रानीगंज के



विधायक डॉ. आर.के. वर्मा, प्रदेश सचिव सपा दूधनाथ पटेल, शांति प्रकाश पटेल, आदिल हमजा, मनोज पाण्डेय, संगम लाल मौर्य, रूपा मौर्य आदि क्षेत्र के सम्मानित जन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



वक्ताओं ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लौह पुरुष ने देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण किया। उनके त्याग, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति से आज की पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। मेले का आयोजन मेला आयोजक छेदीलाल पटेल (पूर्व जिला पंचायत सदस्य), मेला अध्यक्ष राम मूर्ति यादव, अविनाश पटेल (प्रधान प्रतिनिधि जुड़ापुर बीहर), जय करण पटेल (जिला सचिव, सपा), संदीप पटेल (सूर्या), पवन विश्वकर्मा, जितेंद्र पटेल, दिनेश पॉवर द्वारा किया गया।

रात्रि में आयोजित नौटंकी कार्यक्रम में दर्शकों ने देर रात तक मनोरंजन का आनंद लिया, कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्र के समस्त सम्मानित जनों का सहयोग रहा।

होलागढ़ पुलिस ने वारंटी मुन्ना लाल यादव को किया गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज



प्रयागराज। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत होलागढ़ पुलिस ने चोरी के मामले में वारंटी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को उसके गांव के पास से पकड़ा।

पुलिस के मुताबिक, मुन्ना लाल यादव पुत्र स्वर्गीय कल्लू यादव निवासी सरायनन्दन उर्फ समसपुर, थाना होलागढ़ के खिलाफ वर्ष 2010 में दर्ज मुकदमे में न्यायालय जेएम कक्ष संख्या-3 इलाहाबाद से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। आरोपी धारा 379/411 भादवि के मामले में वांछित था। पुलिस टीम ने 11 नवंबर को उसके गांव के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया।

यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त और अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में डीसीपी गंगानगर के पर्यवेक्षण तथा एसीपी सोरांव के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक यशवंत कुमार और कांस्टेबल अजय कुमार शामिल रहे।

चलती ट्रेन में चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी का मोबाइल बरामद

सबसे तेज प्रयागराज



प्रयागराज। चलती ट्रेनों में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जीआरपी प्रयागराज पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी का एक मोबाइल फोन बरामद किया है।

जीआरपी पुलिस के मुताबिक, 12 नवंबर को चौकी प्रभारी छिवकी उपनिरीक्षक अजय यादव पुलिस टीम के साथ रेलवे स्टेशन छिवकी पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर एक पर हावड़ा छोर की तरफ पेड़ के नीचे से वासुदेव कुमार महतो पुत्र रीतलाल महतो को दोपहर 12:40 बजे गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी का एक मोबाइल फोन बरामद हुआ।

यह कार्रवाई क्षेत्राधिकारी रेलवे प्रयागराज अरुण कुमार पाठक के पर्यवेक्षण और जीआरपी थाना प्रभारी अकलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की।

छठ पर उमड़ी भीड़, आरपीएफ ने कतार लगवाकर यात्रियों को ट्रेनों में चढ़ाया

प्रयागराज एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों में रही भीड़, धक्का-मुक्की रोकने के लिए जवानों ने संभाला मोर्चा

सबसे तेज प्रयागराज



प्रयागराज। छठ पूजा पर घर जाने वाले यात्रियों की भीड़ प्रयागराज जंक्शन पर बढ़ने लगी है। इसे देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने स्टेशन पर विशेष भीड़ प्रबंधन अभियान चलाया। जवानों ने यात्रियों को कतारबद्ध कराकर सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से ट्रेनों में सवार कराया। आरपीएफ पोस्ट प्रयागराज के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मीणा ने स्टाफ के साथ विभिन्न प्लेटफॉर्मों का निरीक्षण कर भीड़ की स्थिति का जायजा लिया। प्लेटफॉर्म नंबर एक पर प्रयागराज एक्सप्रेस (12417) और ट्रेन संख्या 20403 में यात्रियों की अधिक भीड़ को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती गई। जनरल कोच के सामने यात्रियों को कतार में खड़ा कराकर बारी-बारी से ट्रेन में प्रवेश कराया गया।

इसके अलावा अन्य प्लेटफॉर्मों पर भी अधिक भीड़ वाली ट्रेनों में आरपीएफ जवानों ने व्यवस्था संभाली। यात्रियों को धैर्य रखने, कतार में ट्रेन पर चढ़ने और चलती ट्रेन में चढ़ने-उतरने से बचने की हिदायत दी गई। आरपीएफ अधिकारियों के मुताबिक, छठ पूजा तक स्टेशन और ट्रेनों में निगरानी बढ़ाई गई है। यात्रियों की सुरक्षा और भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

30 दिन से धरने पर बैठे किसान, जलभराव से हजारों बीघा फसल बर्बाद

कार्रवाई नहीं होने से किसानों में नाराजगी, जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग



सबसे तेज प्रयागराज

प्रयागराज। खेतों में जलभराव से फसल बर्बाद होने की समस्या को लेकर किसानों का धरना लगातार 30वें दिन भी जारी रहा।

कार्रवाई नहीं होने से किसान चिंतित हैं। उनका कहना है कि हजारों बीघा खेतों में पानी भरा होने से फसल बर्बाद हो रही है, लेकिन अब तक जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई।

युवा विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्र ने कहा कि किसान लगातार अपनी समस्या को लेकर धरना दे रहे हैं, इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। समय रहते पानी की निकासी नहीं हुई तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से जल्द समस्या का समाधान कराने की मांग की। धरने में श्रीमन नारायण, विजय मिश्रा, राज बहादुर सिंह, रविंद्र सिंह, योगेश मिश्रा, संतोष तिवारी, रामकृपाल यादव, विजय बहादुर यादव, अमरनाथ पटेल, रामफल पटेल, शालिग्राम पटेल, गिरीश मिश्रा और विद्याकांत मिश्रा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

सीएसजेएमयू ने डीएवी को 4-0 से हराकर फुटबॉल खिताब जीता

कानपुर, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के पुरुष फुटबॉल टीम ने अंतर-महाविद्यालयीय प्रतियोगिता के फाइनल में डीएवी कॉलेज को 4-0 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। विश्वविद्यालय की टीम ने पूरे मुकाबले में दबदबा बनाए रखा और चार गोल दागकर एकतरफा जीत दर्ज की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि खेल गतिविधियां विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के साथ उनमें अनुशासन, टीम भावना और खेल भावना विकसित करने का माध्यम हैं।

विश्वविद्यालय के पुरुष एवं महिला वर्ग की अंतर-महाविद्यालयीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में डीएवी कॉलेज ने जागरण कॉलेज को कड़े मुकाबले के बाद पेनल्टी शूटआउट में हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं, विश्वविद्यालय की टीम ने भी अपने प्रदर्शन के दम पर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया।

छठ पूजा की तैयारियों को लेकर डीएम ने नाव से किया घाटों का निरीक्षण

संगम, रामघाट, अरैल और बलुआघाट की व्यवस्थाएं देखीं, सफाई से लेकर सुरक्षा तक के दिए निर्देश

हनुमान प्रसाद शुक्ल

प्रयागराज। छठ पूजा को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने नाव से संगम घाट, रामघाट, अरैल घाट और बलुआघाट समेत विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को घाटों पर सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय से पूरी कराने के निर्देश दिए।

डीएम ने घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, गोताखोरों की तैनाती, मोबाइल टॉयलेट और चेंजिंग रूम



की व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने नगर निगम को घाटों की नियमित सफाई कराने और विद्युत विभाग को पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों को यातायात नियंत्रण, पार्किंग और घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने को कहा। गहरे पानी वाले स्थानों पर चेतावनी संकेतक और बैरिकेडिंग लगाने के भी निर्देश दिए। वहीं, स्वास्थ्य विभाग को प्रमुख आयोजन स्थलों पर एंबुलेंस की व्यवस्था रखने को कहा।

जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मेलाधिकारी ऋषिराज, नगर आयुक्त सीलम साई तेजा, उपजिलाधिकारी विवेक शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

युवा मतदाताओं के पंजीकरण के लिए चार दिन चलेगा विशेष अभियान

डीएम ने दिए निर्देश, 21, 22, 28 और 29 नवंबर को बूथों पर बनेंगे वोटर

सबसे तेज प्रयागराज

प्रयागराज। मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जाएगा। एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराया जाएगा। इसके लिए स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों में मतदाता साक्षरता क्लब के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

गुरुवार को संगम सभागार में आयोजित स्वीप की बैठक में डीएम एवं जिला निर्वाचन



अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के किसी भी पात्र युवा का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से छूटने न पाए। उन्होंने जिन शिक्षण संस्थानों में मतदाता साक्षरता क्लब का गठन नहीं हुआ है, वहां तत्काल गठन कराने और पहले से गठित क्लबों को सक्रिय करने को कहा।

डीएम ने कक्षा 11 से ऊपर के शिक्षण संस्थानों में विशेष शिविर लगाकर छात्र-छात्राओं को फार्म-6 भरने की जानकारी देने के निर्देश दिए। युवा मतदाता voters.eci.gov.in पोर्टल और ECINET ऐप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ जन्मतिथि और निवास प्रमाण संबंधी दस्तावेज लगाना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन से छूटे युवाओं और उनके परिवार के पात्र सदस्यों के पंजीकरण के लिए 21, 22, 28 और 29 नवंबर को बूथों पर विशेष अभियान चलेगा। इस दौरान ऑफलाइन फार्म-6 भरकर भी नाम जुड़वाया जा सकेगा।

डीएम ने 20 नवंबर तक शिक्षण संस्थानों में निबंध और क्विज प्रतियोगिताएं कराने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी उपमा पाण्डेय समेत संबंधित अधिकारी और शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

हटाई गई सरदार पटेल की प्रतिमा दोबारा लगाने की मांग

कांग्रेसियों ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

सबसे तेज प्रयागराज

प्रयागराज। सोरांव के माझीपुर गांव में हटाई गई सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा को दोबारा स्थापित कराने की मांग उठी है। राजेश्वरी पटेल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने राज्यपाल को मांगपत्र भेजकर प्रतिमा को पूर्व स्थान पर स्थापित कराने की मांग की।

कांग्रेसजनों ने कहा कि सरदार पटेल देश की एकता और अखंडता के प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा हटाए जाने से क्षेत्रीय लोगों की भावनाएं जुड़ी हैं। मांगपत्र में



जिला प्रशासन को प्रतिमा सम्मानपूर्वक स्थापित कराने और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की गई है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महापुरुषों का सम्मान करना सभी का राष्ट्रीय दायित्व है।

इस मामले को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखा जाएगा।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष निशा सिंह, महामंत्री सुनील पांडेय, पीसीसी सदस्य मनोज पासी, पूर्व उपाध्यक्ष राकेश पटेल, रितेश पासी, चंद्रबली चौधरी, केशव चंद्र मौर्य, जिला अध्यक्ष ओबीसी सुनील यादव, रईस अहमद, मोहम्मद राइन और एहतेशाम अहमद मौजूद रहे।

माता सावित्रीबाई फुले वेलफेयर ट्रस्ट ने शुरू की वस्त्रदान मुहिम, पूरी ठंड बंटेगी गर्माहट

सबसे तेज प्रयागराज अजय कुमार



गंगापार, प्रयागराज। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस व प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के अवसर पर माता सावित्रीबाई फुले वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में आश्रयहीन जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर संस्था ने वस्त्रदान मुहिम की शुरूआत करते हुए संकल्प लिया कि पूरी ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को कंबल और गर्म वस्त्र बांटकर गर्माहट पहुंचाई जाएगी। कार्यक्रम में संस्था के राष्ट्रीय महासचिव सिद्धार्थ सोनकर, प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राहुल देव आजाद, प्रदेश संगठन मंत्री मनोरंजन सिंह मुंडा, प्रदेश उपाध्यक्ष साहिल कुमार, समाजसेवी कार्तिकेय सोनकर प्रमुख रूप से मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले के विचारों को आगे बढ़ाते हुए ट्रस्ट शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। ठंड में खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर लोगों की मदद करना ही सच्ची मानव सेवा है।

पीएनजी कनेक्शन वाले घरों में जल्द शुरू करें गैस की आपूर्ति : डीएम

सिटी गैस नेटवर्क के विस्तार को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक, पीएसी और अन्य संस्थानों की कॉलोनियों में भी पहुंचेगी पीएनजी

सबसे तेज प्रयागराज

प्रयागराज। शहर में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की आपूर्ति का दायरा बढ़ाने और योजना को सुचारू रूप से लागू करने के लिए गुरुवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अधिकारियों के साथ बैठक की। संगम सभागार में हुई बैठक में उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय बनाकर गैस नेटवर्क के विस्तार का काम जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। डीएम ने सिविल एविएशन ट्रेनिंग सेंटर, रैपिड एक्शन फोर्स और पीएसी की 42वीं वाहिनी व चतुर्थ वाहिनी की कॉलोनियों में पीएनजी आपूर्ति शुरू कराने के लिए प्रस्ताव तैयार कर बजट की मांग शीघ्र भेजने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी विभाग जरूरी स्वीकृतियां और अनापत्तियां जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाएं, ताकि नेटवर्क विस्तार में देरी न हो। जिलाधिकारी ने इंडियन ऑयल-अडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि जिन घरों में पीएनजी मीटर लगाए जा चुके हैं, वहां प्राथमिकता पर गैस आपूर्ति शुरू कराई जाए। जिन घरों में अभी तक कनेक्शन नहीं पहुंचे हैं, वहां लोगों को जागरूक कर अधिक से अधिक परिवारों को पीएनजी योजना से जोड़ा जाए।

बैठक में एडीएम (नागरिक आपूर्ति) विजय शर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी सुनील सिंह, कमांडेंट मनोज कुमार, पीएसी 42वीं वाहिनी के डीसी उदय प्रताप सिंह, चतुर्थ वाहिनी के सहायक कमांडेंट मनीष कुमार यादव, सहायक जीएम एचआर तपन कुमार और इंडियन ऑयल-अडानी गैस के प्रतिनिधि करमेन्द्र मौजूद रहे।

चेक बाउंस के मामले में 15 साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज



प्रयागराज। चेक बाउंस के मामले में जारी गैर जमानती वारंट के तहत जार्जटाउन पुलिस ने 62 वर्षीय वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को गुरुवार को बाघंबरी रोड, अल्लापुर से मुखबिर की सूचना पर पकड़ा।

पुलिस के मुताबिक, सत्यप्रकाश पुत्र प्रभु दयाल निवासी मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज परिसर, जार्जटाउन के खिलाफ वर्ष 2011 में धारा 138 एनआई एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में अतिरिक्त एनआई एक्ट न्यायालय प्रथम प्रयागराज से गैर जमानती वारंट जारी किया गया था।

थाना प्रभारी रुकुमपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। टीम में महिला उपनिरीक्षक दिव्या, कांस्टेबल अभिषेक कुमार और राजीव रंजन शामिल रहे। पुलिस आरोपी के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई कर रही है।

ऑपरेशन कन्विक्शन: मारपीट के दो दोषियों को न्यायालय उठने तक की सजा

प्रत्येक अभियुक्त पर 1500 रुपये का जुमार्ना, पुलिस और अभियोजन की प्रभावी पैरवी से मिली सजा

सबसे तेज प्रयागराज

फतेहपुर। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपराधियों को सजा दिलाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में हथगांव थाना क्षेत्र के मारपीट और गाली-गलौज के मामले में दो अभियुक्तों को दोषी करार दिया गया। गुरुवार को स्पेशल न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने दोनों को न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक अभियुक्त पर 1500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया। पुलिस के मुताबिक, हथगांव थाने में वर्ष 2015 में दर्ज एनसीआर संख्या 99/2015 में ग्राम सराय सांबा निवासी चन्द्रमोहन पुत्र भोला लोधी और मिथलेश पुत्र चन्द्रमोहन के खिलाफ मारपीट और गाली-गलौज की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। विवेचना के बाद प्रकरण न्यायालय में विचारण के लिए भेजा गया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत मामले की प्रभावी पैरवी की गई। मॉनिटरिंग सेल, विवेचक और अभियोजक उपेंद्र प्रताप सिंह की पैरवी के परिणामस्वरूप 12 नवंबर को स्पेशल जेएम फतेहपुर की अदालत ने दोनों अभियुक्तों को दोषसिद्ध करते हुए ।

संपादकीय

बंगाल की राजनीति में भाजपा का उदयः संघर्ष, संकल्प

बंगाल की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी का पिछला दशक किसी महाकाव्य से कम नहीं है। यह एक ऐसी यात्रा रही है जिसने शून्य से शिखर तक का सफर तय किया। 2014 से पहले बंगाल में भाजपा की स्थिति एक हाशिए पर खड़े दल जैसी थी, लेकिन पिछले दस वर्षों में नरेंद्र मोदी का करिश्मा, अमित शाह की रणनीति और स्थानीय नेतृत्व के संघर्ष ने राज्य का भूगोल और इतिहास दोनों बदल दिए हैं। 2014 के आम चुनाव में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने बंगाल के लोगों को एक नई उम्मीद दी। उस समय मोदी जी की रैलियों में उमड़े जनसैलाब ने यह स्पष्ट कर दिया कि बंगाल की जनता दशकों के वामपंथी शासन और फिर तृणमूल के शुरूआती वर्षों के बाद एक सशक्त राष्ट्रीय विकल्प की तलाश में है। पार्टी का वोट प्रतिशत अचानक एकल अंक से बढ़कर सत्रह प्रतिशत तक पहुंच गया, जिसने राज्य की सत्ता के गलियारों में हलचल पैदा कर दी। 2014 से 2019 के बीच का समय भाजपा के लिए सबसे कठिन 'ग्राउंड वर्क' का काल था। इस दौरान तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने बंगाल को पार्टी के विस्तार का केंद्र बनाया। शाह की 'विस्तारक' योजना के तहत संगठन को गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुँचाया गया। उन्होंने न केवल चुनावी रणनीति तैयार की, बल्कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विरासत को पुनर्जीवित कर इसे 'बंगाली अस्मिता' से जोड़ दिया। यह वह दौर था जब भाजपा ने बंगाल की माटी के साथ अपना भावनात्मक जुड़ाव बनाना शुरू किया। इस कठिन मार्ग में हिंसा एक बड़ी बाधा बनी। राज्य के विभिन्न हिस्सों में कार्यकताओं की हत्याएं और झड़पें आम हो गई। ऐसे समय में प्रदेश अध्यक्ष के रूप में दिलीप घोष ने मोर्चा संभाला। उनके निडर और आक्रामक नेतृत्व ने कार्यकताओं के मनोबल को टूटने नहीं दिया। दिलीप घोष ने खुद पर हुए हमलों की परवाह किए बिना ग्रामीण बंगाल के उन क्षेत्रों में पार्टी का झंडा गाड़ा जहाँ पहले जाना भी असंभव माना जाता था। उनकी जमीनी पकड़ ने भाजपा को 'भद्रलोक' की पार्टी के ठप्पे से निकालकर आम जनमानस की पार्टी बना दिया। 2019 के लोकसभा चुनावों ने बंगाल के राजनीतिक इतिहास में एक नया अध्याय लिख दिया। 18 सीटों पर जीत और 40% से अधिक वोट शेयर ने ममता बनर्जी के 'अजेय' होने के भ्रम को तोड़ दिया। इसके बाद, 2021 के चुनावों से ठीक पहले शुभेंदु अधिकारी का भाजपा में शामिल होना एक मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ। शुभेंदु ने न केवल तृणमूल के संगठनात्मक ढांचे को चोट पहुँचाई, बल्कि नंदीग्राम की ऐतिहासिक रणभूमि में स्वयं मुख्यमंत्री को पराजित कर भाजपा की शक्ति का लोहा मनवाया। 2021 के विधानसभा चुनाव भले ही भाजपा को सत्ता तक न ले जा सके हों, लेकिन 3 विधायकों से 77 विधायकों तक का सफर भाजपा के संघर्ष की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। इसके बाद के वर्षों में, विशेषकर 2024 और अब 2026 के दौर में, भाजपा ने शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में विधानसभा के भीतर और बाहर एक प्रखर विपक्ष की भूमिका निभाई । संदेशखाली जैसी घटनाओं के बाद पैदा हुआ जन आक्रोश और महिला सुरक्षा व भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर शुभेंदु की आक्रामक घेराबंदी ने सरकार को रक्षात्मक होने पर मजबूर कर दिया है। आज जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो भाजपा का यह 10 साल का संघर्ष इसलिए रंग लाया क्योंकि उसने बंगाल की बदलती नब्ज को पहचाना। नरेंद्र मोदी का विकासवाद, अमित शाह का संगठनात्मक कौशल, दिलीप घोष का जमीनी संघर्ष और शुभेंदु अधिकारी की राजनीतिक मारक क्षमता,इन सबने मिलकर बंगाल में एक ऐसा वैचारिक प्रतिस्थापन किया है जहाँ 'लाल' और 'हरे' के बीच 'भगवा' ने अपनी स्थाई जगह बना ली है। अब बंगाल की राजनीति पूरी तरह से द्वि-ध्रुवीय हो चुकी है। भाजपा आज केवल एक विकल्प नहीं है, बल्कि भविष्य की संभावित सरकार के रूप में बंगाल की जनता की चेतना और आकांक्षाओं का केंद्र बन चुकी है।

सत्ता, संदेश और बदलती राजनीति का तीखा सच

डॉ. घनश्याम बादल

पांच महत्वपूर्ण राज्यों- पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी के ताजा विधानसभा चुनाव परिणाम केवल सरकारों के गठन या पतन की कहानी नहीं हैं, बल्कि ये भारतीय लोकतंत्र की बदलती मानसिकता, मतदाता की परिपक्वता और राजनीति के नए समीकरणों का जीवंत दस्तावेज हैं। इन चुनावों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि अब सत्ता केवल परंपरा, भावनाओं या जातीय समीकरणों के भरोसे नहीं चल सकती; जनता परिणाम चाहती है, विकल्प खोजती है और समय आने पर सत्ता को बेदखल करने में हिचकती नहीं।

पश्चिम बंगाल के परिणाम केवल एक राजनीतिक बदलाव नहीं बल्कि एक लंबे समय से पनप रहे असंतोष का विस्फोट है। वर्षों से स्थापित सत्ता के खिलाफ जनता के भीतर जो नाराजगी थी, वह इस बार निर्णायक रूप से बाहर आई। प्रशासनिक पक्षपात, कथित भ्रष्टाचार, स्थानीय स्तर पर सत्ता के केंद्रीकरण और राजनीतिक हिंसा जैसे मुद्दों ने मतदाता को विकल्प तलाशने पर मजबूर किया। दूसरी ओर, विपक्ष ने केवल विरोध नहीं किया बल्कि बूथ स्तर तक संगठन खड़ा किया, मतदाता से सीधा संवाद स्थापित किया और एक वैकल्पिक राजनीतिक कथा गढ़ी। यह जीत केवल एक दल की नहीं, बल्कि उस रणनीति की है जिसमें संगठन, विचार और मौके की सही पहचान का संगम हुआ। हालांकि अब इन चुनाव परिणाम की सच्चाई से बचने के लिए विपक्ष एस आइ आर, केंद्र द्वारा प्रशासनिक मशीनरी एवं सीबीआई तथा ई डी जैसे संस्थानों के दुरुपयोग का भी आरोप लगाएगा। लेकिन बेहतर हो कि अभी तक सट्टा रोड दल उन मुद्दों पर गौर करें जिनकी वजह से बंगाल की जनता में असंतोष पनप और गलत संदेश गया। असम में तस्वीर थोड़ी अलग है यहां सत्ता विरोध की लहर को वहां के सत्तारूढ़ नेतृत्व ने कुंद कर दिया।

ममता का पॉलिटिकल संन्यास

प्रो. आरके जैन





सियासी फलक पर आज ऐसा सूरज डूबा है, जिसने वर्षों तक बंगाल की दिशा तय की थी। 4 मई 2026 का दिन राज्य की राजनीति में एक युगांतकारी मोड़ बनकर दर्ज हो गया। ममता बनर्जी, जिन्हें दीदी कहकर सम्मान दिया जाता था, अब पराजय की प्रतीक बन चुकी हैं। भवानीपुर में सुवेंदु अधिकारी ने उन्हें 15,105 वोटों से हराकर यह स्पष्ट कर दिया कि कोई भी गढ़ अब अजेय नहीं रहा। जनता का निर्णय न केवल स्पष्ट, बल्कि कठोर और अंतिम है। 15 वर्षों से कायम टीएमसी सत्ता का ढांचा आज पूरी तरह भरभराकर गिर पड़ा। बीजेपी ने बहुमत के साथ 200 से अधिक सीटें जीतकर बंगाल में पोरिबर्तन 2.0 की ऐतिहासिक इबारत लिख दी। ममता की यह करारी हार केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि एक पूरी विचारधारा और शासन शैली की हार बन गई है। जनता के धैर्य का बाँध अंततः टूट गया और उसका तीव्र प्रतिफल इस करारी पराजय में स्पष्ट झलक उठा। संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार, आरजी कर अस्पताल प्रकरण, शिक्षक भर्ती घोटाला तथा लाखों युवाओं की बेरोजगारी–इन सभी ने ममता की ममता वाली छवि को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। भवानीपुर, जिसे उनका अभेद्य गढ़ माना जाता था, वहीं सुवेंदु ने 15,105 मतों से उन्हें निर्णायक शिकस्त दी। मतगणना के प्रत्येक चरण में टीएमसी की स्थिति लगातार कमजोर पड़ती गई। कभी स्ट्रीट फाइटर के रूप में पहचानी जाने वाली ममता की छवि अब धूमिल स्मृति बनकर रह गई है। जनता ने स्पष्ट, कठोर और अंतिम संदेश दे दिया–अब और नहीं। इस चुनाव में महिलाओं और युवा मतदाताओं की भूमिका खासतौर पर निर्णायक रही, जिन्होंने संदेशखाली और आरजी कर जैसे मुद्दों पर खुलकर अपना गुस्सा दिखाया। सत्ता का चक्र इस बार ऐसा पलटा कि 2021 की टीस 2026 में दुगुनी धार बनकर लौटी। 2021 में महज 1,956 वोटों से मिली हार के बाद ममता ने भवानीपुर का सहारा लिया था, लेकिन इस बार भवानीपुर में उनका आधार बिखर गया। सुवेंदु अधिकारी, जो कभी टीएमसी के भीतर थे, आज बीजेपी के सबसे धारदार हथियार बनकर उभरे। हिंदू वोटों का एकीकरण, मुस्लिम वोट बैंक में दरार और विकास की तीव्र मांग ने ममता को चारों ओर से घेर लिया। भवानीपुर जैसे शहरी क्षेत्र में भी बदलाव की लहर इतनी प्रबल थी कि उनका कोई प्रभाव नहीं चल पाया। राजनीति का यह कठोर सच फिर सामने आया–जो जनता की आवाज नहीं सुनता, जनता उसे सत्ता से बेदखल कर देती है। सियासत के इस मोड़ पर सबसे बड़ा प्रश्न अब यही उठ रहा है– क्या ममता अब सक्रिय राजनीति से संन्यास लेंगी 71 वर्ष की उम्र, लगातार स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां, दल के भीतर बढ़ती असंतोष की लहर और भवानीपुर से मिली करारी हार के बाद उनके विकल्प बेहद सीमित रह गए हैं। टीएमसी के कई वरिष्ठ नेता पहले ही बीजेपी की ओर रुख करते दिखाई दे रहे हैं। यदि ममता सदन तक नहीं पहुंच पातीं, तो उनका विपक्षी चेहरा भी काफी कमजोर पड़ जाएगा। क्या वे अब राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष को एकजुट करने का प्रयास करेंगी, या बंगाल की राजनीति से हमेशा के लिए दूरी बना लेंगी कई विश्लेषक इसे उनके राजनीतिक करियर का बड़ा मोड़ मान रहे हैं। दिल्ली पर कब्जा का नारा अब केवल खोखली गूंज बनकर रह गया है। ममता बनर्जी ने परिणाम आने के बाद चुनाव आयोग पर भारी अनियमितताओं और साजिश का आरोप लगाया, साथ ही केंद्रीय बलों पर कार्यकर्ताओं पर अत्याचार का आरोप भी लगाया। संघर्ष की आग में तपकर उभरा यह नेतृत्व, लंबे सत्ता काल में अपनी ही चमक खो बैठा–ममता के साथ भी यही हुआ। उन्होंने लेफ्ट के 34 साल के शासन को ध्वस्त किया था, पर अपनी 15 साल की सत्ता में वही भूलें दोहराईं–परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण।

बीजेपी की सरकार बनने के बाद अब आयुष्मान भारत, सुदृढ़ कानून व्यवस्था और तेज औद्योगिक निवेश की नई उम्मीद जाग उठी है। बंगाल के युवा और महिलाएं, जो आरजी कर और सैंडेशखाली के बाद सड़कों पर उतरे थे, आज खुलकर जीत का उत्सव मना रहे हैं। इस बार महिलाओं और नए मतदाताओं का समर्थन निर्णायक साबित हुआ। ममता की हार केवल सीटों की नहीं, बल्कि भरोसे और विश्वसनीयता की गहरी पराजय है।

सियासी भूचाल ने टीएमसी की जड़ों तक को हिला दिया है– भवानीपुर में मिली अंतिम हार इसका स्पष्ट संकेत है। घोटालों और हिंसा के आरोपों से पहले ही घिरी पार्टी अब नेतृत्व के संकट से जूझ रही है। ममता के बिना टीएमसी का भविष्य अनिश्चित दिखाई दे रहा है, और कई नेता पाला बदलने की तैयारी में हैं। बीजेपी की लोटस फ्रॉम गंगोत्री टू गंगासागर रणनीति पूरी तरह सफल रही। पीएम मोदी ने इसे जनता की विजय बताया। बंगाल में पहली बार बीजेपी सरकार बनने की स्थिति बन चुकी है। यह परिवर्तन केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि पूरे पूर्वी भारत के राजनीतिक समीकरणों में बड़ा बदलाव है। 2029 के लोकसभा चुनाव के लिए भी इससे नए द्वार खुल गए हैं। बंगाल के आकाश पर अब एक नई भोर की किरण साफ झलक रही है। ममता बनर्जी की भवानीपुर हार केवल एक नेता की पराजय नहीं, बल्कि 15 वर्षों से चले आ रहे भ्रष्टाचार, हिंसा और तुष्टिकरण के पूरे मॉडल का पतन है। इतिहास बार-बार यही सिखाता है कि जो समय के साथ कदम नहीं मिलाता, समय उसे पीछे छोड़ देता है। ममता संन्यास लें या संघर्ष जारी रखें, बंगाल अब विकास, सुरक्षा और सुशासन की दिशा में आगे बढ़ चुका है। अब प्रश्न यह नहीं कि ममता क्या करेंगी, बल्कि यह है कि नई सरकार राज्य को कितनी तेजी से प्रगति की ओर ले जाएगी। जनता ने अपना निर्णय सुना दिया

ब्रोंकियल अस्थमा : लक्षण और बचाव





ब्रोंकियल अस्थमा एक दीर्घकालिक अर्थात क्रॉनिक सूजन संबंधी श्वसन रोग है, जिसमें वायु मार्ग संकुचित हो जाते हैं सूजन बढ़ जाती है और बलगम बनता है। यह मंतव्य थे डॉक्टर आरके गर्ग के, जो कि गाजियाबाद जनपद के एक जाने-माने चेस्ट स्पेशलिस्ट एवं एलर्जीस्ट है। उन्होंने बताया कि इससे रोगी को सिटी जैसी आवाज, सांस फूलना, खांसी और सीने में जकड़न महसूस होती है। यह रोग रिवर्सिबल होता है अर्थात दबाव से वायु मार्ग फिर से खुल जाते हैं।

प्रचलनः

विश्व में अस्थमा का कुल प्रचलन लगभग 3,340 प्रति 10,00,000 जनसंख्या अर्थात 3.34 प्रतिशत है । वर्तमान में विश्व में लगभग 363 मिलियन लोग अस्थमा से प्रभावित है। भारत में अस्थमा का औसत प्रचलन लगभग .2287 +- 8.6 प्रति 100000 जनसंख्या है। अस्थमा में वायु मार्ग में तीन मुख्य परिवर्तन होते हैंः 1) सूजन, इयोसिनोफिल मास्ट सेल T-लिंफोसाइट्स की सक्रियता । 2) ब्रोंकोस्पाज्म अर्थात वायु मार्ग की मांसपेशियों का सिकुड़ जाना। 3) म्यूकस हाइपर सिक्रेशन अर्थात अधिक बलगम बनना । इसके अलावा लंबे समय में एयरवे रीमॉडलिंग भी हो सकती है।

इसके कारण और जोखिम कारक इस प्रकार हैं :

वंशानुगत प्रवृत्ति (एटॉपी)

एलर्जी जोकि धूल, परागकण पालतू जानवर,फफूंद आदि से हो सकती है । वायरल संक्रमण, धुँवा,प्रदूषण,रसायन, ठंडी हवा, व्यायाम, तनाव आदि भी इसके कारक हैं । डॉ आर गर्ग ने बताया कि अस्थमा के ट्रिगर्स धूल मिट्टी, मौसम परिवर्तन, धुँआ,अगरबत्ती, परफ्यूम, व्यायाम,वायरल संक्रमण, पालतू जानवर आदि के साथ-साथ भावनात्मक तनाव भी हो सकते हैं। उन्होंने अवगत करवाया कि सांस फूलना, सिटी जैसी आवाज, रात में या सुबह-सुबह खांसी का होना, सीने में जलन, बोलने में कठिनाई आदि अस्थमा के कई लक्षण है। यह पूछे जाने पर की इस रोग से निदान के क्या उपाय हैं, डॉक्टर आरके गर्ग ने बताया कि स्पायरोमेट्री के अलावा ब्रोंको डाइलेटर देने पर भी सुधार हो सकता है । डॉ आरके गर्ग ने पीक फ्लो मॉनिटरिंग पर अत्यधिक जोर दिया। इसके अलावा एलर्जी परीक्षण ए, स्क्रीन प्रीक टेस्ट कभी सुझाव उन्होंने दिया। आमतौर पर सामान्य परंतु कभी-कभी हाइपर इन्फ्लेशन की स्थिति में एक्स-रे का भी सुझाव दिया जाता है। डॉ आरके गर्ग ने अस्थमा की गंभीरता का वर्गीकरण चार भागों में बताया जो क्रमशः इंटरमिटेंट, माइल्ड परसिस्टेंट, मॉडरेट परसिस्टेंट तथा सीवियर परसिस्टेंट है। हमारे संवाददाता द्वारा अस्थमा के उपचार के बारे में पूछे जाने पर डॉक्टर आरके गर्ग ने बताया कि रअइअ जैसे रूं४३ेङ्क' तुरंत राहत देती है। कंट्रोलर दवाएं जिनमें इनहेल्ड क्वालिटी कोस्टरॉयड्स अभी भी कारगर साबित हो सकती है। मध्य तथा गंभीर अस्थमा में चिकित्सकों द्वारा **ICS + LABA** का सुझाव दिया जाता है । **LAMA - Tiotropium,** लूकोटिन मोडीफायर्स आदि कारगर है। **Anti lgE, Anti-IL-5, IL - 4, IL-13** आदि सीवर अस्थमा में उपयुक्त है। डॉ आरके गर्ग ने जीवन शैली को अस्थमा से बचाव का सबसे मजबूत आधार बताया । उन्होंने कहा कि रोगी को अस्थमा के ट्रिगर्स से बचाव करना चाहिए, धूम्रपान से दूरी बनानी चाहिए, नियमित व्यायाम करना चाहिए तथा वजन नियंत्रण के अलावा वार्षिक फ़्लू वैक्सीन एवं घर अ३ धूल मिट्टी को कम रखने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। डॉ आर के गर्ग ने अपनी भेंट वार्ता के अंत में बताया कि सही उपचार और नियमित फॉलोअप से अधिकांश रोगी पूरी तरह से नियंत्रित एवं गुणवत्तापूर्ण जीवन जी सकते हैं।

परिवर्तन की बयार और सत्ता के बदलते समीकरण

महेन्द्र तिवारी

वर्तमान विधानसभा चुनावों के परिणाम केवल सत्ता के हस्तांतरण की कहानी नहीं कहते, बल्कि वे भारतीय लोकतंत्र के विकसित होते स्वरूप का एक जीवंत दस्तावेज हैं। भारत के राजनीतिक मानचित्र पर पूरब से दक्षिण तक जो लहर दिखाई दी है, उसने स्थापित मान्यताओं को ध्वस्त करते हुए एक नई वैचारिक धरातल तैयार की है। पश्चिम बंगाल से लेकर तमिलनाडु और केरल से लेकर असम तक, मतदाताओं ने जिस प्रकार का विवेक प्रदर्शित किया है, वह यह स्पष्ट करता है कि अब भारतीय राजनीति केवल प्रतीकों के सहारे नहीं, बल्कि ठोस परिणामों और नए विकल्पों के आकर्षण पर आधारित हो चुकी है। इन चुनावों में सबसे चौंकाने वाला और ऐतिहासिक परिवर्तन पश्चिम बंगाल की धरती पर देखा गया। भारतीय जनता पार्टी ने यहाँ पहली बार पूर्ण बहुमत प्राप्त कर राज्य में अपनी सरकार बनाने की स्थिति हासिल की है। यह परिवर्तन साधारण नहीं है क्योंकि इसने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले लगभग 15 वर्ष लंबे शासन का अंत कर दिया है। बंगाल की राजनीति, जो दशकों तक वामपंथी और फिर तृणमूल कांग्रेस के इर्द-गिर्द घूमती रही, अब एक बिल्कुल नई दिशा में मुड़ गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यहाँ सत्ता-विरोधी लहर के साथ-साथ सांस्कृतिक और संगठनात्मक बदलाव की जो प्रक्रिया वर्षों से चल रही थी, उसने 2026 में अपना पूर्ण स्वरूप प्राप्त कर लिया। यह जीत केवल एक राज्य की जीत नहीं है, बल्कि इसे पूर्वी भारत में एक बड़ी राष्ट्रीय विचारधारा के विस्तार के रूप में देखा जा रहा है। बंगाल के मतदाताओं ने इस बार भ्रष्टाचार और प्रशासनिक जड़ता के विरुद्ध विकास और नई कार्यसंस्कृति को प्राथमिकता दी है। तृणमूल कांग्रेस के लिए यह एक बड़ा झटका है क्योंकि उनकी पकड़ न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में कमजोर हुई, बल्कि शहरी मध्यम वर्ग ने भी इस बार परिवर्तन के पक्ष में मतदान किया। दक्षिण की ओर रुख करें तो तमिलनाडु ने पूरे देश को अपनी राजनीतिक परिपक्वता और नए नेतृत्व के प्रति उत्साह से विस्मित कर दिया है। अभिनेता विजय की नवगठित पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम ने अपने पहले ही चुनाव में जो प्रदर्शन किया है, वह किसी चमत्कार से कम नहीं है। तमिलनाडु की राजनीति दशकों से द्रविड़ मुनेत्र कझगम और अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कझगम जैसी दो पारंपरिक पार्टियों के वर्चस्व में बंधी हुई थी। विजय की पार्टी ने इस द्विपक्षीय चक्र को तोड़कर स्वयं को एक सशक्त विकल्प के रूप में स्थापित किया। आंकड़ों की दृष्टि से देखें तो उनकी पार्टी ने 100 से अधिक सीटों पर अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई है, जिससे वह राज्य की राजनीति में केवल तीसरी ताकत नहीं, बल्कि एक नई धुरी बनती दिख

मौन की गूँजः जब विचार ठहर जाएँ....

सुनील कुमार महला

आज सुबह-सुबह एक विचार पढ़ा-'उपवास करना है तो विचारों का करे, भूखे रहने से भगवान खुश होते तो गरीब सबसे सुखी होते।' वास्तव में व्यक्ति के जीवन में विचारों का बहुत महत्व है। पाठक जानते हैं कि विचार हमारे मन में उत्पन्न होने वाले वे मानसिक भाव, धारणाएँ या सोच हैं जो किसी भी विषय, परिस्थिति या अनुभव के बारे में हमारी प्रतिक्रिया को दशार्ते हैं। सरल शब्दों में, जो कुछ हम सोचते हैं-वही विचार कहलाते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि सकारात्मक विचार हमें आगे बढ़ने, समस्याओं का समाधान ढूंढने और जीवन में उत्साह बनाए रखने में मदद करते हैं। वहीं दूसरी ओर नकारात्मक विचार हमें तनाव, भय और निराशा की ओर ले जा सकते हैं। वास्तव में, विचारों का उपवास' एक अत्यंत गहरा और मनोवैज्ञानिक विषय है। जैसे शरीर की शुद्धि के लिए हम अन्न का त्याग करते हैं, वैसे ही मन की शांति और मानसिक स्पष्टता के लिए 'विचारों का उपवास' अनिवार्य है। हर व्यक्ति के मन-मस्तिष्क में हर समय विचारों का आवागमन होता रहता है।एक विचार आता है, फिर दूसरा,तीसरा और यही क्रम अनवरत चलता रहता है। यहां तक कि व्यक्ति आराम कर रहा होता है, विश्राम कर रहा होता है,या यूं कहें कि नींद की अवस्था में होता है,तब भी विचारों का क्रम चलता ही रहता है,यह कभी थमता नहीं है। विचारों का उपवास मन में शांति लाता है। वास्तव में जब हम नकारात्मक विचारों का उपवास करते हैं, तो भीतर शून्यता और शांति आती है, जो ईश्वर से जुड़ने का सच्चा मार्ग है। व्यक्ति आत्मनियंत्रित होता है। कहना गलत नहीं होगा कि विचारों के उपवास से न केवल व्यक्ति को मानसिक शांति ही मिलती है, बल्कि यह व्यक्ति के शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी बहुत मदद करता है।जब हम विचारों का उपवास करते हैं तो गलत व नकारात्मक सोच, नकारात्मक ऊर्जा, चिंता,डर और असफलताओं से दूर हो पाते हैं। विचारों के उपवास से सीधा सा मतलब यह है कि हम अपने मन को नकारात्मक, फालतू और हानिकारक विचारों से मुक्त करें। जब हम विचारों का उपवास करते हैं तो हम ध्यानमग्न हो जाते हैं। हमारा तनाव और अवसाद कम होता है और ईश्वरीय मार्ग की ओर स्वयं को प्रशस्त करते हैं। हमारा आत्मनियंत्रण बढ़ता है। वास्तव में मनुष्य के व्यक्तित्व, व्यवहार और निर्णयों पर विचारों का गहरा प्रभाव पड़ता है। जैसा हम सोचते हैं, वैसा ही हमारा आचरण और जीवन बनता जाता है। इसलिए कहा जाता है-'विचारों को बदलो, जीवन बदल जाएगा।' हालांकि, विचारों को रोकना संभव नहीं है। विचार हमेशा मस्तिष्क में विचरण करते रहते हैं। मन-मस्तिष्क का स्वभाव ही हर पल सोचना है। लेकिन विचारों का उपवास किया जा सकता है। अब यहां प्रश्न यह उठता है कि आखिर हम विचारों का उपवास करें तो कैसे करें इसके लिए यह आवश्यक है कि हम ध्यान(मेडिटेशन) करें। अपने लिए थोड़ा समय निकालें और कुछ मिनट तक एक शांत स्थान पर शांति से बैठकर अपनी सांसों पर ध्यान दें। आज का युग संचार क्रांति का युग है और हम हर समय एंड्रॉयड स्मार्टफोन, लैपटॉप, इंटरनेट,एआइ में व्यस्त रहते हैं। हमारे पास स्वयं के लिए ही समय नहीं बचा है। विचारों के उपवास के लिए मोबाइल, लैपटॉप जैसे गैजेट्स से दूरी बनाना बहुत आवश्यक है। या यूं कहें कि आज के समय में डिजिटल दूरी विचारों के उपवास के लिए आवश्यक तत्व है। हमें यह चाहिए कि हम लगातार मोबाइल/न्यूज/ से हम ब्रेक लें।वर्तमान समय में हम सूचनाओं के विस्फोट के बीच जी रहे हैं।

हर समय कुछ न कुछ सोचना, विश्लेषण करना या चिंता करना मस्तिष्क को थका देता है। विचारों का उपवास हमें इस 'ध्वनि प्रदूषण' से बाहर निकालकर मौन की शक्ति से परिचित कराता है। डिजिटल डिटाक्स बहुत ही महत्वपूर्ण व जरूरी है।

हमें यह चाहिए कि हम दिन भर में कम से कम एक घंटा फोन, लैपटॉप और टीवी से पूरी तरह दूर रहें। बाहरी सूचनाओं का रुकना ही विचारों के रुकने की पहली सीढ़ी है।यदि विचार बहुत परेशान कर रहे हों, तो उन्हें कागज पर लिख दें।

मुफ्तखोरी की राजनीति और निरंकुश महंगाई

डॉ. सुधाकर आशावादी

सत्ता की चाहत में सभी राजनीतिक दल लोकलुभावन वादे करके अपना स्वार्थ तो सिद्ध कर लेते हैं, लेकिन इसका सीधा असर उस मध्यम आय वर्ग की जेब पर पड़ता है, जो लोकलुभावन वादों की परिधि में नहीं आता। येन केन प्रकारेण सत्ता हासिल करने के लिए देश के सभी राज्यों में जनता को मुफ्त बिजली, पानी, नकद राशि, मकान का वादा करके सत्ता सुख भोगने वाले तत्व न तो राजकोषीय घाटा बढ़ने की परवाह करते हैं और न ही अर्थव्यवस्था के चरमराने की। क्योंकि वे जानते हैं, कि मुफ्तखोरी का दाव ही उनकी सत्ता का आधार है। लम्बे समय से देश में बड़ी जनसंख्या को मुफ्त राशन देने की योजना ने जहाँ मुफ्तखोरों को अकर्मण्य बना दिया है, वहाँ फर्जी राशन कार्ड तथा अन्य भ्रष्टाचार के तरीके आजमाकर घोटालों को अंजाम दिया जाना नई बात नहीं रह गई है। केंद्र सरकार भी इसी राजनीति के चलते मौका देखकर समय समय पार आम आदमी पर महंगाई का बोझ बढ़ाती रहती है। ईरान अमेरिकी युद्ध के चलते पेट्रोल व गैस उत्पादों की मूल्य वृद्धि भी इस राजनीति का शिकार हुई है। कच्चे तेल के घटते बढ़ते भावों के बीच कच्चे तेल के दाम घटने का अनुपातिक लाभ आम आदमी को नहीं दिया गया, वहीं बंगाल सहित पांच राज्यों में चुनावों को देखते हुए पेट्रोल व गैस के दामों को न बढ़ाने का आश्वासन दिया गया। चुनाव संपन्न होते ही व्यवसायिक गैस सिलेंडर के दामों में बेतहाशा वृद्धि करके सरकार ने आम आदमी की थाली महंगी कर दी। देश में एक बड़ा कारोबार भोज्य पदार्थों से ही जुड़ा है। समाज में एक बड़ा वर्ग ऐसा है, जो रोजमर्रा मेहनत मजदूरी करके जैसे तैसे अपना भरण पोषण करता है। एक बड़ा रोजगार रेहड़ी पटरी पर भोजन बनाने का भी है, व्यवसायिक गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ाना उनकी विवशता है। विगत दो तीन महीनों में ही व्यावसायिक गैस सिलेंडर के मूल्यों में पचास प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो चुकी है।

कहना गलत न होगा कि एक ओर तो सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मुफ्तखोरी को बढ़ावा दे रही है,वहीं दूसरी ओर आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं के दामों में बेतहाशा वृद्धि करके महँगाई से आम आदमी की कमर तोड़ने में भी संकोच नहीं कर रही है। ऐसी भी राजनीति किस काम की, जो सत्ता की मलाई खाने के फेर में मुफ्तखोरी को बढ़ावा दे तथा देश के ईमानदार लोगों की रोजमर्रा की जिन्दगी को कष्टों में धकेलने में संकोच न करे। लगता है कि संकीर्ण राजनीति देश को

ऐसे मोड़ पर ले आई है, जहाँ आम आदमी के सम्मुख जीवन मरण का संकट उत्पन्न हो गया है। यदि समय रहते उपभोक्ता वस्तुओं के दामों पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो हो सकता है कि यही सत्ता के पतन का प्रमुख कारण बने।

अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर लगाया भगवान श्रीकृष्ण के अपमान का आरोप, बोले- ये हार की हताशा है

धार्मिक आस्था और अपमान के मुद्दे पर आमने-सामने आए सत्ता पक्ष और विपक्ष

लखनऊ

अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 2024, 2026 की हार से डर गये हैं इसीलिए इनके बोल बिगड़ गये हैं। ये 2027 में हमेशा के लिए हारेंगे। अगर ये जीत रहे होते तो हमारी नहीं, अपनी और अपनी उपलब्धि की बात करते। ये जितना बुरा बोलेंगे, उतनी ही बुरी हार हारेंगे।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भगवान श्रीकृष्ण को अपमानित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि 2027 में अपनी होने वाली हार की हताशा में वो इस तरह की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि 'गोपालकों''को अपशब्द कहकर प्रकारांतर में गोपाल अर्थात भगवान श्रीकृष्ण का जो अपमान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय ने मंच से किया



है वो अक्षम्य है। पहले अयोध्या में भगवान राम के मंदिर के ह्यचढ़ावा-चंदा-दान' चोरी में एक बड़े गिरोह के साथ संलिप्त रहे और राज न खुल जाए इस डर से उन्हें क्लीन चिट दे दी। अब भगवान कृष्ण पर वार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ये सनातन धर्म से अलग अपनी सत्ता को स्थापित करने के मंसूबे के कारण ऐसे कुवचन बोल रहे हैं। इसी दुर्भावना के कारण इन्होंने वाराणसी में पाल समाज को लाठी से पिटवाया था और गडरियों के होल्कर समाज से आनेवाली शिवजी की परम भक्त राजमाता देवी अहिल्याबाई जी की शिवलिंग ली हुई प्रतिमा का वाराणसी में घोर तिरस्कार किया था। ये न भगवान शिव के सगे हैं, न भगवान राम के, न भगवान कृष्ण के और न ही देवी अहिल्याबाई जी के। ये इतने कमजोर पड़ गये हैं कि अब उत्तर प्रदेश में किसी और 'दुष्मुखी' को बुलाया जा रहा है। इन दोनों में कई बातें समान हैं , वेशभूषा का स्वांग, दुर्रवचनी जुबान और भगवान राम और भगवान कृष्ण का सरेआम अपमान करना।

जनता कह रही है कि अब इनका प्रभाव शून्य हो गया है। अगर इनका प्रभाव शेष होता तो वो ऐसे असामाजिक व्यक्ति को कभी भी अपने प्रदेश में आने की अनुमति नहीं देते, जो उनके ही दिये गये नारे को सरेआम ठुकराकर समाज को बाँट रहा है।

अखिलेश यादव ने आगे कहा कि व्यक्ति जब कमजोर हो जाता है तो अनैतिक सहारा ढूंढने लगता है। अगर इनमें अंशमात्र भी शक्ति, सामर्थ्य और साहस शेष होगा तो वो ऐसे ईश विरोधी वक्तव्य देनेवालों को उप्र में प्रवेश नहीं करने देंगे लेकिन ये ऐसा नहीं करेंगे क्योंकि वो भी इन्हीं के विचारवंशी भी हैं और वचनवंशी भी। दोनों एक-दूसरे के पर्याय हैं। पुनः दोहरा रहे हैं क्योंकि एक बार में वो पढ़ नहीं पाते हैं और दस बार में भी समझ नहीं पाते हैं : कृपया सनातनी वस्त्रों को पहनकर इतनी निम्नस्तरीय भाषा न बोलें। अपने व्यक्तित्व के आंतरिक पक्ष को बाहर लाने से पहले सोचें कि आप अभी कुछ दिनों के लिए ही सही, एक सम्प्रदाय के सम्माननीय पद के साथ-साथ एक सांविधानिक पद पर भी विराजमान हैं। अपना श्रीमुख खोलने से पहले, सार्वजनिक मयार्दा के साथ ही, उन पदों की प्रतिष्ठा का भी ध्यान-मान रखें। हार को सामने देखकर बड़े-बड़े विचलित हो जाते हैं और भाषिक मयार्दा की सीमाएं भूलकर शाब्दिक अराजकता पर उतर आते हैं।

आजम खां से मिलने पहुंचे शिवपाल यादव: डासना जेल आए सपा के राष्ट्रीय महासचिव, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

गाजियाबाद

गाजियाबाद जिला कारागार में बंद समाजवादी के कद्दावर नेता आजम खान से मिलने बृहस्पतिवार को सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव पहुंचे। सैकड़ों सपाइयों ने वेदांता टोल प्लाजा पर शिवपाल यादव का स्वागत किया। जहां से उनका काफिला जिला कारागार पर पहुंचा।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव बृहस्पतिवार को गाजियाबाद जिला कारागार पहुंचे। उनकी यह यात्रा जिला कारागार में बंद समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान से मुलाकात करने के लिए थी।

शिवपाल यादव के आगमन पर सैकड़ों की संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। यह स्वागत गाजियाबाद के वेदांता टोल प्लाजा पर आयोजित किया गया था। स्वागत के बाद शिवपाल यादव का काफिला जिला कारागार की ओर रवाना हुआ।

जेल पहुंचने पर जेल प्रशासन ने मीडिया कर्मियों को कारागार के पहले गेट के बाहर ही रोक दिया। मीडिया को कारागार के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने इस मुलाकात के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आजम खान की मुलाकात जेल के निर्धारित नियमों के अनुसार ही कराई जाएगी

आजम खां फिर गिरफ्तार

अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में जमानत मिलने पर 30 अक्तूबर को रामपुर जेल से बाहर आए सपा नेता आजम खां को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने जेल के गेट से ही गिरफ्तार कर लिया। आजम के जेल से बाहर कदम रखते ही ईडी की टीम अपनी गाड़ी में बैठाकर साथ ले गई।

किसानों और जरूरतमंद परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है सरकार : सूर्य प्रताप शाही

देवरिया।

मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत जिले के नौ पीड़ित परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी और रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए।



कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि जनपद के 24 चयनित कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र मिले हैं। कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के माध्यम से दुर्घटना में प्रभावित परिवारों को आर्थिक संबल दिया जा रहा है। अनर्व तूफान और अत्यधिक बारिश से फसलों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति भी सरकार ने उपलब्ध कराई है। उन्होंने कहा कि निराश्रित महिलाओं, अनाथ बच्चों और दिव्यांगजनों के लिए सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत पात्र बच्चों को पढ़ाई और भरण-पोषण के लिए प्रतिमाह चार हजार रुपये दिए जाते हैं।

उन्होंने लाभार्थियों से कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए दलालों और बिचौलियों के चक्कर में न पड़ें। पात्र लोग स्वयं पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि परिवार के कमाऊ सदस्य की दुर्घटना में मृत्यु होने पर परिजनों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाता है। ऐसे परिवारों को सहायता देकर सरकार उनके भविष्य को सुरक्षित करने का प्रयास कर रही है। रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने कहा कि किसानों, गरीबों और निराश्रित परिवारों की मदद सरकार की प्राथमिकता है।

विश्व कुराश चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर काशी लौटीं प्रीति पटेल, हुआ भव्य स्वागत

वाराणसी।

विश्व कुराश चैंपियनशिप 2026 में कांस्य पदक जीतकर काशी का मान बढ़ाने वाली जिले के मथुरापुर भरथरा गांव की बेटी प्रीति पटेल के बुधवार को गृह जनपद पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

कजाकिस्तान में 04 से 09 नवंबर तक आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रीति ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।



प्रीति पटेल के काशी आगमन पर रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के कोरौता चौराहे पर भाजपा के जिलाध्यक्ष रामसकल पटेल के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच उन्हें पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। स्थानीय लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामसकल पटेल ने कहा कि प्रीति पटेल ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर कांस्य पदक जीतकर न केवल अपने गांव और क्षेत्र, बल्कि पूरे वाराणसी जनपद का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं।

प्रीति की यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य युवा खिलाड़ियों, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने प्रीति के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी सफलता से जिले में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का प्रोत्साहन मिलेगा।

घर में घुसकर परिवार पर जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

बिजनौर।

उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर की थाना स्योहारा पुलिस ने घर में घुसकर एक परिवार के साथ मारपीट और जानलेवा हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए बुधवार को दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि मामले में अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम मंडोरी निवासी रूपा देवी पत्नी कृष्णपाल ने थाना स्योहारा में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव के ही पंकज कुमार, सतवीर, विजेंद्र कुमार और रोहित ने उनके घर में घुसकर गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपितों ने रूपा देवी, उनके पति कृष्णपाल और पुत्री के साथ लाठी-डंडों व धारदार हथियार से मारपीट की। घटना में परिवार के सदस्यों को चोटें आईं। पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना स्योहारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू की। इसी क्रम में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए रोहित पुत्र विजेंद्र और सतवीर पुत्र परमा सिंह निवासी ग्राम मंडोरी, थाना स्योहारा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

विंध्य तीर्थ विकास परिषद के भवन पर डीएम की नजर, गुणवत्ता में चूक हुई तो होगी कार्रवाई

मीरजापुर।

जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने बुधवार को विंध्याचल के परसिया में निमार्णाधीन विंध्य तीर्थ विकास परिषद के कार्यालय भवन का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति और इस्तेमाल की जा रही सामग्री की गुणवत्ता परखी। कार्यदायी संस्था के अभियंताओं से निर्माण पूरा होने की समय सीमा की जानकारी भी ली।

डीएम ने भवन के भूतल, प्रथम तल, कार्यालय कक्ष, श्रद्धालुओं के प्रतीक्षालय और पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के अभियंताओं से भवन के नक्शे, एस्टीमेट और अब तक कराए गए कार्यों का विवरण लिया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में हर हाल में पूरा किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को निर्माण में मानक के अनुरूप सीमेंट, सरिया और अन्य सामग्री का इस्तेमाल करने तथा गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं करने की हिदायत दी।

डीएम ने अधिशासी अभियंता को निर्माण सामग्री की थर्ड पार्टी जांच कराने और प्रतिदिन कार्य की प्रगति की निगरानी करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, विंध्य तीर्थ विकास परिषद के अधिकारी और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

बागपत में बहन के घर से लौट रहे भाई की सड़क हादसे में मौत

बागपत।

उत्तर प्रदेश के जनपद बागपत में भैया दूज का त्योहार जिस घर में खुशियां लेकर आया था, उसी घर में शाम होते-होते मातम छा गया। बहन के घर से हंसते-खेलते लौट रहे परिवार का ई-रिक्शा गौरीपुर मोड़ पर पलट गया। इस हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया। हादसे में भाई की मौत हो गई।

घटना बुधवार दोपहर की है। प्रवेश (42) अपनी पत्नी दीपा (35), बेटी छवि (13) और बेटे वंश (11) के साथ हरियाणा के कुंडली से लौट रहे थे। भैया दूज पर बहन के घर गए थे। परिवार जैसे ही बागपत के गौरीपुर मोड़ के पास पहुंचा अचानक ई-रिक्शा पलट गया। प्रवेश की मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी दीपा और दोनों मासूम बच्चे घायल हो गए। मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना क्षेत्र के गांव बड़ौदा के रहने वाले प्रवेश फिलहाल बागपत के गांव सिसाना में परिवार के साथ रहते थे। उनकी मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। कोतवाली प्रभारी मनोज चाहल ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कानपुर सेंट्रल पर बड़ा हादसा होने से टला, चौरीचौरा एक्सप्रेस के चार बोगी पटरी से उतरे

कानपुर।

कानपुर सेंट्रल पर बड़ा हादसा होने से टला। ट्रेन के डिरेल होने से मची अफरा तफरी। कानपुर के अनवरगंज से गोरखपुर जा रही 15003 चौरीचौरा एक्सप्रेस कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर बेपटरी हो गई और चार बोगी पटरी से उतर गए।

उप्र में 17 लाख से अधिक युवाओं को मिला कौशल प्रशिक्षण, सात लाख को मिला रोजगार

2017 से अब तक सरकारी विश्वविद्यालयों की संख्या 16 से बढ़कर 26 और निजी विश्वविद्यालयों की 26 से बढ़कर 56 हुई

लखनऊ।

उत्तर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को विस्तार, गुणवत्ता, तकनीक और रोजगार से जोड़ने की दिशा में व्यापक बदलाव किए गए हैं। उच्च शिक्षा के संस्थागत विस्तार से लेकर एआई आधारित पढ़ाई, डिजिटल लर्निंग, शोध और कौशल विकास तक सरकार ने बहुआयामी प्रयास किए हैं। इसका परिणाम है कि उत्तर प्रदेश तेजी से उच्च शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है।

विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों का व्यापक विस्तार

आजादी से वर्ष 2017 तक प्रदेश में मात्र 16 सरकारी विश्वविद्यालय थे। वर्ष 2017 से 2022 के बीच तीन और 2022 के बाद पांच नए सरकारी विश्वविद्यालय स्थापित हुए। एक डीम्ड और एक मुक्त विश्वविद्यालय के साथ सरकारी विश्वविद्यालयों की संख्या 26 हो गई है। इसी अवधि में निजी विश्वविद्यालयों की संख्या भी 26 से बढ़कर 56 पहुंच गई। वर्ष 2022 के बाद अकेले 27 निजी विश्वविद्यालय स्थापित हुए। पहली बार जीएलए और आईआईएमटी के दो ऑफ-कैंपस विश्वविद्यालय केंद्र नोएडा में स्थापित हुए। असेवित जिलों में निजी विश्वविद्यालयों को प्रोत्साहन देने के लिए उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति-2024 लागू की गई। राजकीय महाविद्यालयों की संख्या 158 से बढ़कर 261 हो गई है। वहीं, स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की संख्या छह हजार 681 से बढ़कर आठ हजार 030 पहुंच गई है।

गुणवत्ता, शोध और वैश्विक पहचान पर जोर

उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदेश के सात संस्थानों को पहली बार एनआईआरएफ रैंकिंग में स्थान मिला और तीन विश्वविद्यालय देश के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में शामिल हुए। पीएम ऊषा (ढट-वरलअ) के तहत अवस्थापना सुविधाओं, शोध, प्रयोगशालाओं और स्मार्ट क्लास के विकास के लिए केंद्र सरकार से 965 करोड़ रुपये का अनुदान मिला, जो देश में सर्वाधिक है। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के साथ 776 समझौते किए गए हैं। ऑस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी का परिसर ग्रेटर नोएडा में स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

डिजिटल शिक्षा और एआई से आधुनिक पढ़ाई

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत सीबीसीएस, मल्टीपल एंट्री-एग्जिट, बहुविषयक शिक्षा और भारतीय ज्ञान प्रणाली लागू की गई है। प्रदेश में 239 विषयों के 88 हजार 532 से अधिक ई-कंटेंट उपलब्ध हैं। राजकीय महाविद्यालयों में 251 स्मार्ट क्लास, 83 से अधिक स्मार्ट लैब और 171 ई-लर्निंग पार्क शुरू किए गए हैं।

एआई आधारित शिक्षा को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में सभी 43 पाठ्यक्रमों में एआई आधारित पढ़ाई की व्यवस्था इसका उदाहरण

न्यूरोसाइंस में आधुनिक तकनीकों और उपचार पर होगा मंथन

तीन दिवसीय सम्मेलन में देश-विदेश के 200 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक लेंगे हिस्सा रोबोटिक सर्जरी और उपचार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका पर भी होगी चर्चा

प्रयागराज।

न्यूरोलॉजी और न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में तेजी से हो रही प्रगति, आधुनिक उपचार पद्धतियों और नई तकनीकों से मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 13 से 15 नवंबर तक प्रयागराज में यूपी-यूके न्यूरोकॉन 2026 का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश-विदेश के 200 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक हिस्सा लेंगे। सम्मेलन में कम चीरे वाली सर्जरी, रोबोटिक तकनीक, मस्तिष्क और रीढ़ की जटिल बीमारियों के उपचार तथा कृत्रिम



बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते उपयोग पर विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे। आयोजन अध्यक्ष डॉ. मुकुल पांडेय ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विशेषज्ञ चिकित्सकों और युवा डॉक्टरों के बीच ज्ञान, अनुभव और नई चिकित्सा तकनीकों का आदान-प्रदान करना है।

सम्मेलन का विषय 'ब्रिजिंग द फ्यूचरः प्रिसिजन एंड प्रोग्रेस इन न्यूरोसाइंसेज' रखा गया है। इसका आयोजन प्रयागराज न्यूरोलॉजिकल सोसाइटी तथा मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी विभाग की ओर से किया जा रहा है। मुख्य कार्यक्रम स्टेनली रोड स्थित एएमए कन्वेंशन सेंटर में होगा।

न्यूरोसर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार गुप्ता आयोजन सचिव हैं।

डॉ. पंकज गुप्ता ने बताया कि सम्मेलन के पहले दिन 13 नवंबर को सुबह मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के पुराने परीक्षा भवन में कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

देवरिया : नागरी सभा की मासिक कवि गोष्ठी में कवियों ने बांधा समां

श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी को दी श्रद्धांजलि

देवरिया।

नागरी सभा की मासिक कवि गोष्ठी का आयोजन सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंद्र कुमार दीक्षित की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राम मनोहर मिश्र माहिर की वाणी वंदना 'कृपा करि द बरदनवा हो शारदा भवानी' से हुआ। इसके बाद उपस्थित कवियों ने विविध भाव, रस और छंदों से सजी अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गोष्ठी में विकास तिवारी विक्की ने 'एक बोतल जिसमें भरा था पानी' कविता सुनाकर खूब तालियां बटोरीं। मुकेश पांडेय ने 'मत मारो तुम हमें गर्भ में, हम तो सोन चिरइया हैं, हे बाबू हे भइया, हम तो भविष्य रचइया हैं' गीत प्रस्तुत कर भ्रूण हत्या के खिलाफ भावपूर्ण संदेश दिया। नीरजा सिंह ने 'जिंदगी से न इतनी शिकायत करो, जिंदगी से जरा सी मोहब्बत करो' गीत के माध्यम से जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी। पार्वती देवी गौरा ने 'जीवन के सांध्य काल में आलस कभी न करिए' गीत सुनाया।

उरई की ड्रग्स फैक्ट्री से जुड़ा वांछित 50 ग्राम एमडी के साथ गिरफ्तार

कानपुर।

उत्तर प्रदेश के जनपद कानपुर के फजलगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराने गोविंद नगर पुल के नीचे रेलवे लाइन किनारे चेकिंग के दौरान पुलिस ने डीआरआई और एटीएस के वांछित को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से 50 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी) बरामद हुआ है। वह उरई में मेफेड्रोन बनाने की फैक्ट्री पकड़े जाने के बाद से फरार चल रहा था।

अपर पुलिस उपायुक्त मध्य डॉ. अर्चना सिंह ने बुधवार को बताया कि 29 अक्टूबर को डीआरआई और एटीएस की



संयुक्त टीम ने उरई के ऐरी रमपुरा गांव में गुलाबजल बनाने की आड़ में संचालित मेफेड्रोन बनाने की फैक्ट्री पकड़ी थी। जांच में कानपुर के रिजवान अहमद का नाम सामने आया था। वह फैक्ट्री में कच्चे माल की सप्लाई और तैयार नशीले पदार्थ को देश के अलग-अलग शहरों में भेजने के नेटवर्क से जुड़ा था। घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा था।

पुलिस के मुताबिक, मंगलवार की रात करीब तीन बजे फजलगंज पुलिस और स्वाट टीम सेंट्रल जोन पुराने गोविंद नगर पुल के नीचे रेलवे लाइन किनारे चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध हालत में मिले रिजवान अहमद को रोककर तलाशी ली गई तो उसके पास से 50 ग्राम मेफेड्रोन बरामद हुआ। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि फैक्ट्री पकड़े जाने के बाद वह मुंबई चला गया था और वहीं फरारी काट रहा था। पैसों की कमी होने पर पहले से मौजूद नशीले पदार्थ को बेचने के इरादे से गोविंदपुरी स्टेशन जा रहा था, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

जांच में मुंबई के धारावी निवासी खयामुद्दीन उर्फ खय्याम सैय्यद का नाम गिरोह के मुख्य सरगना के रूप में सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, उसके विदेशों में बैठे ड्रग तस्करों से संपर्क होने के साक्ष्य भी जांच एजेंसियों को मिले हैं। पूछताछ में कानपुर के अरबाज कट्टा, दानिस, शैलू उर्फ शालू बाबा और हसीन बाबू समेत अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं। इन लोगों की मदद से उरई में कच्चा माल पहुंचाकर मेफेड्रोन तैयार कराने और उसकी सप्लाई कराने की बात सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, इससे पहले फजलगंज पुलिस ने इसी नेटवर्क से जुड़े नजमुद्दीन को 101 ग्राम मेफेड्रोन के साथ गिरफ्तार किया था। मुंबई में भी गिरोह के सदस्यों के पास से मेफेड्रोन बरामद हो चुका है। फिलहाल पुलिस सर्विलांस और स्वाट टीम की मदद से अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है। जांच एजेंसियों के साथ सूचनाएं साझा कर पूरे नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है।

यातायात माह में पुलिस ने 2351 वाहनों का किया चालान, 12 सीज

जौनपुर।
उत्तर प्रदेश के जौनपुर में यातायात माह नवंबर-2026 के तहत यातायात पुलिस ने जागरूकता के साथ नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान जिले में अब तक 2351 वाहनों का चालान किया गया, जबकि 12 वाहनों को सीज किया गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक नगर चंद्रशेखर के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी यातायात के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रमुख चौराहों, तिराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट कर तथा हैंडबिल और पंपलेट वितरित कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

वाहन चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी न बैठाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की हिदायत दी गई। इसके साथ ही वाहनों के शीशों पर काली फिल्म लगाने तथा हूटर, सायरन और प्रेशर हॉर्न के अनधिकृत प्रयोग से बचने की अपील की गई।

अभियान के दौरान बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा और प्रदूषण प्रमाणपत्र के साथ ही बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट वाले वाहनों की सघन जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। काली फिल्म लगे वाहनों से फिल्म भी उतरवाई गई। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में सहयोग करने की अपील की।

डेढ़ साल से बिछड़े मंजीत को पुलिस ने परिजनों से मिलाया, परिवार में लौटी खुशियां

बांदा।
उत्तर प्रदेश के के जनपद बांदा में ऑपरेशन मुस्कान के तहत मरका थाना पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता और सूझबूझ का परिचय देते हुए करीब डेढ़ वर्ष से लापता मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को उसके परिजनों से मिला दिया। लंबे समय से अपनों की तलाश कर रहे परिवार को जब मंजीत शुक्ला के सकुशल मिलने की खबर मिली तो उनकी खुशियों का ठिकाना नहीं रहा।

थानाध्यक्ष सूबेदार बिंद के मुताबिक, 10 नवंबर को पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान एक मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति भटकता हुआ मिला। वह अपना नाम-पता बताने में असमर्थ था। पुलिस टीम उसे थाने ले आई और काफी धैर्य व आत्मीयता के साथ बातचीत की। लगातार प्रयासों के बाद उसने सीमित शब्दों में अपना नाम मंजीत और पता प्रयागराज के दारागंज स्थित बेनी माधव मंदिर बताया।

इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने तत्काल प्रयागराज के दारागंज क्षेत्र में संपर्क साधा और बेनी माधव मंदिर के आसपास के लोगों से उसके परिजनों के बारे में जानकारी जुटाई। इसके बाद व्यक्ति की फोटो मोबाइल से परिजनों को भेजकर पहचान कराई गई। परिजनों ने उसकी पहचान मंजीत शुक्ला के रूप में की और बताया कि वह करीब डेढ़ साल से लापता था। परिवार के लोग लगातार उसकी तलाश कर रहे थे।

बुधवार 11 नवंबर को परिजन थाना मरका पहुंचे। आवश्यक सत्यापन और विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने मंजीत शुक्ला को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीएनएच की आधारशिला रखी, कहा- देश-विदेश की कंपनियां यूपी में कर रहीं निवेश

नोएडा।
योगी आदित्यनाथ ने आज यमुना सिटी के सेक्टर-8 में 100 एकड़ मे 1220 करोड रुपये की लागत से बनने वाली सीएनएच कंपनी की आधारशिला लखनऊ से ऑनलाइन रखी। इस दौरान जेवर में आयोजित कार्यक्रम में गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, राज्यसभा सदस्य सुरेंद्र नागर, दादरी के विधायक तेजपाल नागर, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर, विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा, सीएनएच इंडस्ट्रियल एनवी के सीईओ गेरिट मार्क्स और सीएनएच इंडिया रीजन के प्रेसिडेंट एवं एमडी नरेंद्र मित्तल, कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी, निदेशक और अधिकारी मौजूद रहे।



यमुना प्राधिकरण ने सीएनएच कंपनी को सेक्टर-8 में 100 एकड़ जमीन आवंटित की है। यहां कंपनी ट्रैक्टर और अन्य कृषि मशीनरी का निर्माण करेगी। गुरुवार सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री ने इस कंपनी की वर्चुअल आधारशिला रखी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विश्वास प्रकट करने के लिए के मै सीएनएच के प्रबंधन का हृदय है आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि यह प्रोजेक्ट प्रदेश में कृषि क्षेत्र, विकास और मॉडर्न मैन्युफैक्चरिंग को नई गति देगा। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट से स्थानीय युवाओं को रोजगार और व्यापार का अवसर मिलेगा।

उन्होंने कहा कि जिस प्रदेश के नाम में ही उत्तर है, उसके सामने 2017 से पहले कई प्रश्न थे। पलायन का, उपेक्षा का, पिछड़ेपन का, पहचान का, अराजकता का। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश आज उपद्रव प्रदेश से उत्सव प्रदेश बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रूल ऑफ माफिया के स्थान पर रूल आफ लॉ स्थापित हुआ है। उन्होंने बताया कि अच्छी कानून व्यवस्था की वजह से उत्तर प्रदेश में निवेश बढा है।प्रदेश विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा है। अच्छी कानून व्यवस्था और उद्योग क्षेत्र को मिल रही बेहतरीन सुविधा के चलते देश- विदेश की कंपनियां लाइन लगाकर यहां पर निवेश कर रही है।

उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश के प्रमुख निवेश क्षेत्र के रूप में अपनी नई पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था स्थापित होने के पीछे केवल पुलिस भर्ती ही नहीं है, उनके आधुनिकरण के साथ-साथ अपराध और अपराधियों के प्रति सरकार का सख्त रूख एक प्रमुख कारण रहा है।

उन्होंने इस अवसर पर चुटकी लेते हुए कहा कि आपने यूपी के बुलडोजर की जरूर चर्चा सुनी होगी। इसलिए मैं कंपनी से इसबारे में कहूंगा कि आप यूपी में बुलडोजर और ट्रैक्टर की मैन्युफैक्चरिंग करने के लिए आए हैं ,तो देश और विदेश में स्वतः ही इसकी डिमांड होगी। बुलडोजर यहां का ब्रांड बन चुका है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया है। उन्होंने कहा की उद्योग को बेहतर बनाने के लिए प्रदेश में कई पॉलिसी लागू की गई है। विशाल इंडस्ट्रियल लैंड बैंक नेटवर्क एक मजबूत आधार उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि निवेश में प्रदेश टॉप पर है। उन्होने कहा कि एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट और डेडिकेटेड फ्रेड कॉरिडोर ने प्रदेश में कनेक्टिविटी को एक नई ताकत प्रदान की है।

उन्होंने कहा कि टाटा, सैमसंग, माइक्रोसॉफ्ट ,आईबीएम, इंफोसिस, एचसीएल, हिंदूजा ग्रुप आदि के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश में संयुक्त ग्रुप से उद्योग का विकास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, एआई, सेमीकंडक्टर, स्टार्टअप और डाटा सेंटर से लेकर साइबर, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल, टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी तथा खेलकूद जैसे क्षेत्र में उत्तर प्रदेश आज तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। निवेश ,नवाचार, रोजगार के नए द्वार ढूंढ रहा है।

लंबित मुकदमों के निस्तारण के लिए शुरू होगा इवनिंग कोर्ट का पायलट प्रोजेक्ट : अर्जुन राम मेघवाल

सुप्रीम कोर्ट में 96 हजार, हाईकोर्ट में 70 लाख और जिला अदालतों में करीब 4.30 करोड़ मामले लंबित



देवरिया।
केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि देश की अदालतों में लंबित मुकदमों की संख्या कम करने के लिए सरकार इवनिंग कोर्ट का पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने जा रही है। इसके साथ ही सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की सेवाएं लेने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग की दिशा में भी काम किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री बुधवार को बरपार में पूर्व सांसद एवं पूर्व उप थल सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल स्व. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद शहर के रामनाथ देवरिया स्थित वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज मणि के आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की न्याय व्यवस्था में मुकदमों का लंबित होना एक बड़ी चुनौती है। उच्चतम न्यायालय में 96 हजार से अधिक, देश के 25 उच्च न्यायालयों में करीब 70 लाख और जिला अदालतों, सीजेएम तथा जूनियर जजों की अदालतों में लगभग चार करोड़ 30 लाख मामले लंबित हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार ने पहली बार लंबित मुकदमों का समय के आधार पर विश्लेषण शुरू किया है। यह पता लगाया जा रहा है कि कौन सा मुकदमा कितने वर्षों से लंबित है। 30 और 40 साल पुराने मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई में लाने का प्रयास किया जाएगा।

जौनपुर पुलिस ने यक्ष ऐप पर दर्ज किया 12 हजार अपराधियों का ब्योरा

जौनपुर।
उत्तर प्रदेश के जौनपुर में अपराधियों की पहचान और उनकी धरपकड़ को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस ने डिजिटल निगरानी की पहल तेज कर दी है।

जिले के करीब 12 हजार अपराधियों का ब्योरा यक्ष ऐप पर अपलोड किया गया है। इसमें अपराधियों की थानेवार जानकारी के साथ उनके फोटो और वीडियो भी दर्ज किए जा रहे हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने बताया कि ऐप पर वांछित बदमाशों सहित आपराधिक



गतिविधियों में शामिल रहे लोगों का विस्तृत विवरण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य अपराधियों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करना है, ताकि किसी आपराधिक घटना के बाद उनकी पहचान करने और पुराने आपराधिक इतिहास का पता लगाने में आसानी हो सके।

ऐप पर अपराधियों से संबंधित जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध होने से पुलिस को जांच के दौरान मदद मिलेगी। किसी दूसरे थाना क्षेत्र, जिले अथवा राज्य में अपराध करने वाले बदमाशों की पहचान भी उनके पुराने रिकॉर्ड के आधार पर की जा सकेगी।

पुलिस का मानना है कि इस डिजिटल व्यवस्था से अपराधियों की पहचान, उनके आपराधिक इतिहास का सत्यापन और विभिन्न क्षेत्रों की पुलिस के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान में सहूलियत होगी।

लोक आस्था के महापर्व डाला छठ की बिखरने लगी छटा, शुक्रवार को नहाय-खाय से होगा चार दिवसीय अनुष्ठान का शुभारंभ

काशी में छठी मैया के गीतों से भक्तिमय हुआ माहौल, घाटों और सरोवरों पर तैयारियां तेज पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ी भीड़



वाराणसी।
उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी (वाराणसी)में लोक आस्था के महापर्व डाला छठ की छटा बिखरने लगी है। गांव,शहर की गली-मोहल्लों से लेकर घरों और बाजारों तक छठी मैया के पारंपरिक गीतों की गूंज सुनाई देने लगी है। चार दिवसीय इस महापर्व का शुभारंभ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ होगा। पर्व को लेकर व्रती महिलाओं और उनके परिजनों में खासा उत्साह है। घरों में साफ-सफाई से लेकर पूजन सामग्री जुटाने और प्रसाद तैयार करने तक की तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच गई हैं।

छठ पर्व की तैयारियों के मद्देनजर शहर के बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। बांस से बने सूप, दउरा, डलिया, गन्ना, मौसमी फल और पूजन में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्रियों की दुकानें सज गई हैं। व्रती महिलाओं के परिजन पूजन सामग्री की खरीदारी में जुटे हैं। वहीं, गंगा के विभिन्न घाटों, वरुणा नदी के किनारे तथा शहर के तालाबों और सरोवरों पर व्रतियों के परिजन पूजा की वेदियां बनाने और स्थान सुरक्षित करने में लगे हैं।

घरों में छठी मैया के पारंपरिक गीतों के साथ नए भक्ति गीत भी सुनाई दे रहे हैं। 'बाट जे पूछेला बटोहिया, बहंगी केकरा के जाय...' और 'कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए...' जैसे लोकगीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया है। छठ गीतों की मधुर स्वर लहरियों के बीच काशी में पर्व की तैयारियां जोर पकड़ रही हैं।

बिहार-यूपी की सीमाओं से निकलकर विदेशों तक पहुंची छठ की आस्था

डाला छठ अब बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड की सीमाओं तक ही सीमित नहीं रह गया है। देश के विभिन्न राज्यों के साथ विदेशों में बसे भारतीय समुदायों के बीच भी इस महापर्व की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। सूर्य उपासना, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और पारिवारिक मंगलकामना से जुड़ा यह पर्व लोक संस्कृति और सामाजिक समरसता का विशिष्ट उदाहरण बन गया है।

बेंती राजभवन में आयोजित बागेश्वर धाम सरकार की श्रीराम कथा में आमंत्रित किए गए वाराणसी और प्रयागराज के रामभक्त

वाराणसी।
प्रतापगढ़ के कुंडा में बेंती राजभवन के योगीराज देवरहा बाबा कथा मंडप में आयोजित बागेश्वर धाम सरकार पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्री राम कथा को लेकर वाराणसी और प्रयागराज के रामभक्तों को आमंत्रित किया गया है। रामभक्तों को आमंत्रित किए जाने पर उनका उत्साह और हर्ष अभी से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दिखाई देने लगा है।

वाराणसी में सुसुवाही क्षेत्र निवासी



संजय सिंह ने कहा कि बागेश्वर धाम सरकार के श्री राम कथा का आमंत्रण मिला है। आगामी 17 नवंबर से 20 नवंबर तक अपराह्न दो बजे से श्रीराम कथा होनी है। श्री राम कथा के पहले दिन वह प्रतापगढ़ जाएंगे। इस कथा के श्रोताओं के बीच बैठकर श्री राम कथा सुनेंगे। धीरेंद्र शास्त्री जी महाराज के श्रीमुख से श्री राम कथा का आनंद उठाएंगे। यह आनंदित करने वाला अवसर है।

प्रयागराज में युवा अधिवक्ता और रामभक्त यशपाल सिंह ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम की कथा सुनने का अवसर जब भी मिलता है, वह कथा स्थल जाते हैं। यह बड़े गौरव की बात है कि बेंती राजभवन में श्री राम कथा का आयोजन हो रहा है। वह आमंत्रित भी है, और अपने युवा साथियों के साथ कथा सुनने के लिए पहुंचेंगे। बाबा बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के मुख से कथा सुनने का सुंदर अवसर मिला है।\

इससे युवा अधिवक्ताओं में भरपूर उत्साह है।

जनसत्ता दल के राष्ट्रीय प्रवक्ता और प्रदेश प्रधान महासचिव डॉक्टर बृजेश सिंह राजावत ने कहा कि कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया जनसत्ता दल के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष, हम सभी के नेता हैं। राजा भैया ही कुंडा में होने जा रहे चार दिवसीय श्री राम कथा के मुख्य यजमान है। राजा भैया के निवेदन पर आ रहे बागेश्वर धाम सरकार पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री 17 नवंबर से 20 नवंबर तक बेंती राजभवन के योगीराज देवरहा बाबा कथा मंडप में श्री राम कथा कहेंगे। जिसके लिए सभी राम भक्तों को आमंत्रित किया जा रहा है। श्री राम कथा के आयोजन में सभी का स्वागत है।

सौरभ गोलीकांड: आरोपियों की तलाश में सहारनपुर और देहरादून पहुंची पुलिस टीमें

बागपत।
बागपत जिले के गोपालपुर खड़ाना गांव में राष्ट्रपति भवन की सुरक्षा में तैनात सौरभ को गोली मारने के मामले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी नही हो पाई है। गिरफ्तारी के लिए बागपत पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें सहारनपुर और देहरादून रवाना की गई हैं। पुलिस अधीक्षक पूर्णेंदु सिंह ने थाना रमाला का आकस्मिक निरीक्षण कर मामले में अब तक हुई कार्रवाई की समीक्षा की।

एसपी बागपत पूर्णेन्दु सिंह ने थाना रमाला प्रभारी, उपनिरीक्षकों और



विवेचकों के साथ बैठक की । इस दौरान 8 नवंबर 2026 की रात करीब 9:45 बजे गोपालपुर खड़ाना गांव में सौरभ को गोली लगने की घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गठित पुलिस टीमों की कार्रवाई की जानकारी ली। बताया कि पुलिस मैनुअल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के माध्यम से आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर पुलिस टीमों को सहारनपुर और देहरादून भेजा गया है। एसपी ने अधिकारियों को आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में एसपी बागपत ने अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी बड़ौत भी मौजूद रहे।

वाराणसी में सिंधी समाज ने निकाली भगवान झूलेलाल की भव्य ध्वजा यात्रा, दीपदान कर की सुख-समृद्धि की कामना

वाराणसी।
दिव्य कार्तिक मास के पावन अवसर पर गुरुवार को उत्तर प्रदेश की धर्म नगरी वाराणसी में सिंधी समाज की ओर से भगवान झूलेलाल की भव्य ध्वजा यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। यात्रा से पूर्व लक्सा स्थित झूलेलाल मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान झूलेलाल एवं हिंगलाज माता की प्रतिमाओं के समक्ष दीपदान कर पल्लव प्रार्थना की और समाज की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

इसके पश्चात सिंधी समाज के जयप्रकाश बलानी ने भगवान झूलेलाल की पवित्र ध्वजा उठाकर



यात्रा का शुभारंभ किया। ध्वजा यात्रा में समाज की महिलाओं ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भगवान झूलेलाल के जयकारों और संकीर्तन के बीच यात्रा लक्सा स्थित झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ होकर प्रेम प्रकाश आश्रम, सिंधु नगर तक पहुंची।

मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर ध्वजा यात्रा का भव्य स्वागत किया। इससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। प्रेम प्रकाश आश्रम पहुंचने पर भगवान विष्णु एवं भगवान झूलेलाल की भव्य आरती की गई। इसी के साथ धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के वातावरण में ध्वजा यात्रा का समापन हुआ।

इस अवसर पर जे.पी. बलानी, सुरेश तुलस्यान, अनिल शर्मा, रोहित बलानी, हेमंत केशवानी, गोपाल सचदेवा, वासुदेव नागवानी, देवानंद वाध्या, मुस्कान शर्मा, अमृता अठवानी, लीना जजानी, जितेंद्र तलरेजा एवं चंद्रा सचदेवा सहित सिंधी समाज के अनेक लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

70 करोड़ की लागत से निर्मित विशिष्ट सुपर मंडी का हुआ शुभारंभ

महोबा।
यूपी के महोबा जनपद में किसानों को बड़ी सौगात मिली है। जनपद में व्यापारिक एवं कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 2014 में लगभग 70 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित विशिष्ट सुपर मंडी का आज बुधवार को शुभारंभ किया गया। इसके संचालन से किसानों को अपनी उपज के विपणन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी तथा क्षेत्र के आर्थिक एवं व्यावसायिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

बुधवार को राठ रोड पर स्थित विशिष्ट सुपर मंडी का शुभारंभ



विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर द्वारा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व इन्द्र नंदन सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह की उपस्थिति में किया गया है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने मंडी परिसर का अवलोकन किया तथा वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली। विशिष्ट सुपर मंडी के प्रारंभ होने से क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों एवं आमजन को बेहतर व्यापारिक सुविधाएं मिलने की उम्मीद है।

इससे कृषि उपज के क्रय-विक्रय को प्रोत्साहन मिलने के साथ ही स्थानीय स्तर पर व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

इस अवसर एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि मंडी के संचालन से किसानों को अपनी उपज के विपणन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी तथा क्षेत्र के आर्थिक एवं व्यावसायिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

विसाना में युवक की गोली मारकर हत्या, दोस्त गंभीर घायल

पांच साल पुरानी रंजिश में वारदात को दिया अंजाम, छह-सात हमलावरों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

हाथरस।
चंदपा कोतवाली क्षेत्र के गांव विसाना में बुधवार देर रात सनसनीखेज वारदात सामने आई। घर के बाहर अपने दोस्त के साथ खड़े 22 वर्षीय युवक पर गांव के ही आधा दर्जन से अधिक हथियारबंद हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। गोली लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ़ रेफर किया गया है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, गांव विसाना निवासी मानवेन्द्र सिंह (22) पुत्र



स्वर्गीय राजकुमार चौहान बुधवार की रात अपने दोस्त समीर के साथ घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान गांव के ही छह से सात लोग हाथों में हथियार लेकर वहां पहुंच गए और मानवेन्द्र को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। हमलावरों की ओर से चलाई गई कई गोलियां मानवेन्द्र को लगीं। एक गोली पीठ से होते हुए पेट में जा घुसी, जबकि दूसरी गोली पैर में लगी। शरीर के अन्य हिस्सों में भी गोलियां लगने से मानवेन्द्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

होम लोन,पर्सनल लोन और अन्य प्रकार के ऋण अब हो जाएंगे महंगे

एचडीएफसी बैंक ने की एमसीएलआर की दरें बढ़ाने की घोषणा

नई दिल्ली।

एचडीएफसी बैंक ने अपनी मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स-बेस्ड लेंडिंग रेट में बढ़ोतरी की घोषणा की है, जिससे बैंक से जुड़े होम लोन, पर्सनल लोन और अन्य प्रकार के ऋण अब महंगे हो जाएंगे। यह वृद्धि 7 नवंबर से प्रभावी हो चुकी है। बैंक ने अलग-अलग अवधियों के लिए एमसीएलआर में 5 से 15 बेसिस प्वाइंट तक की बढ़ोतरी की है। इस बदलाव के बाद, एचडीएफसी बैंक की नई एमसीएलआर दरें अब 7.85फीसदी से बढ़कर 8.70फीसदी के दायरे में आ गई हैं, जो पहले 7.75फीसदी से 8.55फीसदी के बीच थीं। उदाहरण के लिए ओवरनाइट दर में 5 बीपीएस की वृद्धि हुई है, जबकि 1 साल, 2 साल और 3 साल की अवधि के लिए दरें 15 बीपीएस तक बढ़ी हैं। एमसीएलआर वह न्यूनतम ब्याज दर होती है जिससे कम पर कोई भी बैंक किसी ग्राहक को ऋण नहीं दे सकता। यह बैंकों के लिए ऋण देने की एक आधार दर होती है। यदि आपका होम लोन, कार लोन या पर्सनल लोन एमसीएलआर से जुड़ा है, तो इसका सीधा असर ईएमआई पर पड़ता है। हालांकि फ्लोटिंग रेट वाले एमसीएलआर ऋणों में ब्याज दर रीसेट तारीख तय होती है, इसलिए आपकी अगली रीसेट तारीख आने पर ही आपकी ईएमआई बढ़ेगी। यदि आपका ऋण सीधे भारतीय रिजर्व बैंक के रेपो रेट से जुड़ा है, तो इस एमसीएलआर बढ़ोतरी का आप पर कोई असर नहीं पड़ेगा। एमसीएलआर पूरी तरह से बैंक के आंतरिक खर्चों पर आधारित होता है। अगर बैंक को फंड जुटाने की लागत बढ़ती है, तो वह इसकी भरपाई के लिए एमसीएलआर बढ़ा सकता है। वहीं, रेपो रेट वह दर होती है जिस पर आरबीआई देश के अन्य बैंकों को कर्ज देता है, और यह देश की मौद्रिक नीति का हिस्सा होता है।

तेल कंपनियों ने गैस सिलेंडर की कीमतों में नहीं की बढ़ोतरी, उपभोक्ताओं को राहत

नई दिल्ली।

देश में सरकारी तेल कंपनियां ने बुधवार को गैस सिलेंडर की नई कीमतें जारी कर दी हैं। उपभोक्ताओं के लिए राहत की बात यह है कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और वे जून से स्थिर बनी हुई हैं। दिल्ली में बुधवार को घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 942 रुपए पर बनी हुई है। वहीं, कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 1 नवंबर को 10 रुपए की बढ़ोतरी हुई थी, जिसके बाद यह 2,820 रुपए प्रति सिलेंडर पर है। इसके अलावा, 5 किलोग्राम वाले छोटू सिलेंडर की कीमत 349 रुपए है। मुंबई में घरेलू सिलेंडर 941.50 रुपए और कमर्शियल सिलेंडर 2,774.50 रुपए में मिल रहा है, जबकि कोलकाता में घरेलू सिलेंडर 968 रुपए और कमर्शियल सिलेंडर 2,964 रुपए का है। रिपोर्ट के मुताबिक तेल कंपनियों द्वारा घरेलू गैस की कीमतों को स्थिर रखने के फैसले से आम उपभोक्ताओं को राहत मिली है। हालांकि लगातार तीन महीने से कमर्शियल गैस की बढ़ती कीमतें कारोबारी खर्चों पर असर डाल रही हैं। सरकारी तेल मार्केटिंग कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों की समीक्षा करती हैं। इस समीक्षा के दौरान अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस की कीमतों के साथ-साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए की विनिमय दर जैसे अहम कारकों को ध्यान में रखा जाता है। चूंकि भारत अपनी एलपीजी की जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा आयात करता है, इसलिए वैश्विक बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव का सीधा असर घरेलू कीमतों पर पड़ता है।

ट्रायम्फ की नई स्ट्रीट ट्रिपल 798 मोटरसाइकिल प्रदर्शित

नई दिल्ली ।

ट्रायम्फ ने ईआईसीएमए 2026 में अपनी नई स्ट्रीट ट्रिपल 798 मोटरसाइकिल प्रदर्शित की। इस मोटरसाइकिल की प्रदर्शन क्षमता और इंजन की प्रतिक्रिया बेहतर होने की उम्मीद है। इस मॉडल में 798 सीसी का नया तीन-सिलेंडर इंजन दिया जाएगा। कंपनी ने इस इंजन को अपने मोटो2 रेसिंग कार्यक्रम के अनुभव के आधार पर विकसित किया है।

स्ट्रीट ट्रिपल श्रृंखला अपनी स्पोर्टी बनावट और तेज रफ्तार के लिए जानी जाती है। नया मॉडल इसी पहचान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। नई स्ट्रीट ट्रिपल 798 में इंजन के अलावा फ्रेम में भी बदलाव किए गए हैं। कंपनी ने नया फ्रेम विकसित किया है, जिसका उद्देश्य मोटरसाइकिल की मजबूती और हैंडलिंग को बेहतर बनाना है। इसके साथ डबल-साइडेड स्विंगआर्म दिया गया है। बाइक में अंडरबेली एग्जॉस्ट भी मिलता है, जो इसके डिजाइन को आधुनिक और स्पोर्टी रूप देता है। इन बदलावों से मोटरसाइकिल के संतुलन और नियंत्रण में सुधार की उम्मीद है। 798 सीसी का तीन-सिलेंडर इंजन इस मॉडल की सबसे अहम विशेषता है।

शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ

सेंसेक्स 772, निफ्टी 210 अंक गिरा

मुंबई ।

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 772.75 अंक उछलकर 81,879.40 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 210.40 अंक बढ़कर 25,255.05 पर बंद हुआ। आज बाजार में हर ओर तेजी रही, बैंकिंग शेयरों में सबसे अधिक बढ़त रही। सत्र में निफ्टी बैंक मजबूती के साथ बंद हुआ। वहीं निफ्टी पीएसयू बैंक में और निफ्टी प्राइवेट बैंक में भी बढ़त दर्ज की गई। इसके अलावा, निफ्टी ऑटो , निफ्टी कंजप्शन , निफ्टी एफएमसीजी , निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग , निफ्टी एनर्जी , निफ्टी और निफ्टी मेटल के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

दूसरी ओर निफ्टी आईटी , निफ्टी रियल्टी , निफ्टी फार्मा और निफ्टी हेल्थकेयर के शेयर गिरे हैं। आज लार्जकैप के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी देखी गई।

निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 496.55 अंक बढकर 519.10 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 304.30 अंक उछलकर मजबूती के साथ 19,489.35 पर बंद हुा था। सेंसेक्स पैक में एमएंडएम, इंडिगो, ट्रेंट, टाटा स्टील, बीएसई, पावर ग्रिड, आईटीसी, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, एसबीआई, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर लाभ में रहे जबकि टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, एनटीपीसी, इटरनल, सम फार्मा, इन्फोसिस और टीसीएस के शेयर गिरे। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुले। सेंसेक्स 1,142.03 अंकों की बढ़त के साथ ही 82,248.68 पर कारोबार कर रहा था। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 293.15 अंक उछलकर 25,337.80 पर आ गया।



सोने-चांदी की कीमतों में उछाल

नई दिल्ली।

सोने और चांदी दोनों की कीमतों में बुधवार को तेजी आई। इसी कारण मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दिसंबर 2026 के वायदा अनुबंध में सोने का भाव 1,41,385 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया, जबकि चांदी की कीमतों में भी तेजी आईई। यह तेजी एक दिन पहले दर्ज की गई गिरावट के विपरीत है, और बाजार में नई हलचल पैदा कर रही है। आज एमसीएक्स पर, सोने के वायदा अनुबंध में 860 रुपये की जोरदार तेजी आई, जिससे इसका भाव 41,385 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसी तरह, चांदी ने भी निवेशकों को आकर्षित किया, जहां एक किलो चांदी का भाव 3,780 रुपये बढ़कर 1,86,356 रुपये पर पहुंच गया। यह वृद्धि घरेलू बाजार में कीमती धातुओं के प्रति मजबूत रुझान को दिखाती है, खासकर वायदा कारोबार में।

दूसरी ओर अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भी सोने और चांदी में तेजी बरकारार है। वैश्विक स्तर पर, सोना 21.30 डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 4,051.50 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। वहीं चांदी भी 1.105 डॉलर की तेजी के साथ 52.33 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। वैश्विक स्तर पर बढ़ती कीमतें अक्सर घरेलू बाजार पर भी सकारात्मक प्रभाव डालती हैं। इसके विपरीत राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई थी। मंगलवार को सोने का भाव 500 रुपये फिसलकर 1,46,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया था। सोमवार को 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने का भाव 1,46,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस गिरावट ने बाजार में थोड़ी चिंता पैदा की थी, जबकि चांदी की कीमत लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में 1,92,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही थी।

व्हर्लपूल ने अपने घरेलू उपकरणों की कीमतों में की 5 फीसदी की बढ़ोतरी

फ्रिज, एसी, वॉशिंग मशीन और अन्य उपकरण खरीदने चुकाने होंगे ज्यादा पैसे

नई दिल्ली।

यदि आप अपने घर के लिए नए घरेलू उपकरण खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो आपको ज्यादा खर्च करना पड़ सकता है। प्रमुख घरेलू उपकरण निर्माता कंपनी व्हर्लपूल ने अपने सभी उत्पादों की कीमतों में 5 फीसदी की बढ़ोतरी की घोषणा की है, जो 1 नवंबर, 2026 से लागू हो चुकी हैं। कंपनी ने इस वृद्धि के पीछे कई प्रमुख कारण बताए हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भू-राजनीतिक तनाव के चलते कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है, जिसने कच्चे माल की लागत बढ़ा दी है। इसके अलावा, कमोडिटी की महंगाई, भारतीय रुपए की कीमत में गिरावट और बढ़ती उत्पादन लागत ने भी कंपनी के मार्जिन पर दबाव डाला है।

व्हर्लपूल ने बताया कि रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनर से जुड़े नए ऊर्जा नियमों के कारण भी खर्च में वृद्धि हुई है, साथ ही लक्जरी प्रोडक्ट रेंज की लॉन्चिंग पर किए गए निवेश का असर भी कीमतों पर पड़ा है। इस बढ़ोतरी का मतलब है व्हर्लपूल के फ्रिज, एयर कंडीशनर, वॉशिंग मशीन और अन्य घरेलू उपकरण खरीदने के लिए ग्राहकों को अब पहले की तुलना में ज्यादा पैसे चुकाने होंगे। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब दिवाली जैसे बड़े त्योहारों के दौरान घरेलू उपकरणों की खरीदारी बढ़ने की उम्मीद रहती है, जिससे उपभोक्ताओं के बजट पर सीधा असर पड़ेगा। यह केवल व्हर्लपूल तक ही सीमित नहीं है।

दिग्गज वैश्विक बैंक बांग्लादेश से समेट रहे अपना रिटेल कारोबार

देश में बैंकिंग ऋणों का करीब एक-तिहाई हिस्सा नॉन-परफॉर्मिंग लोन बन चुका

ढाका।

एचएसबीसी के बाद अब स्टैंडर्ड चार्टर्ड जैसे दिग्गज वैश्विक बैंकों ने बांग्लादेश से अपना रिटेल कारोबार समेटने का फैसला लिया है। यह कदम देश के बैंकिंग क्षेत्र के लिए चिंता का विषय है, जहां विदेशी बैंक छोटे ऋण और क्रेडिट कार्ड जैसे उच्च-लागत, कम-लाभ वाले व्यवसायों से पीछे हट रहे हैं। बांग्लादेश का बैंकिंग सेक्टर इस समय गहरे संकट से जूझ रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह क्षेत्र नॉन-परफॉर्मिंग लोन (एनपीए), पूंजी की कमी, कमजोर कॉर्पोरेट गवर्नेंस और कई अनियमितताओं की समस्याओं से घिरा हुआ है।

साल 2026 में देश के कुल बैंकिंग ऋणों का करीब एक-तिहाई हिस्सा नॉन-परफॉर्मिंग लोन बन चुका है, जिसका अर्थ है कि बैंकों द्वारा दिया गया लगभग 33फीसदी कर्ज वापस मिलने की कगार पर नहीं है। देश के बैंकिंग सिस्टम में राजनीतिक प्रभाव में बांटे गए असुरक्षित लोन, भाई-भतीजावाद और बड़े डिफाल्टरों पर सख्त कार्रवाई न होने जैसे मामलों के कारण विश्वसनीयता में कमी आई है। ऐसे अस्थिर और जोखिम भरे माहौल में वैश्विक बैंक काम करने से बचते हैं। जानकारों के मुताबिक यह सिर्फ बांग्लादेश तक सीमित नहीं है, बल्कि ये बैंक वैश्विक स्तर पर अपनी पूंजी उन चुनिंदा बाजारों में लगा रहे हैं जहां उन्हें कम जोखिम में ज्यादा रिटर्न मिले।



अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने बांग्लादेश को अपनी बैंकिंग व्यवस्था में पारदर्शिता और वित्तीय स्थिरता में सुधार करने की सलाह दी है। दो बड़े अंतर्राष्ट्रीय बैंकों का एक साथ देश के रिटेल सेक्टर से हटना विदेशी निवेशकों और वैश्विक बाजारों में गलत मैसेज जाता है, जिससे बांग्लादेश की साख को नुकसान पहुंच सकता है। हालांकि जानकारों का मानना है कि इन विदेशी बैंकों के पीछे हटने से बांग्लादेश के मजबूत स्थानीय बैंक रिटेल ग्राहकों और क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो को खरीदकर अपना दायरा बढ़ा सकते हैं।

मदर डेयरी के दूध की कीमतें बढ़ीं, उपभोक्ताओं पर महंगाई का बोझ

नई दिल्ली ।

देश की राजधानी और उसके आसपास के क्षेत्रों में दूध की सबसे बड़ी आपूर्तिकर्ता मदर डेयरी ने बढ़ती लागत का हवाला देकर अपने विभिन्न प्रकार के दूध की कीमतों में 2 से 4 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की घोषणा की है। ये नई दरें 12 नवंबर, गुरुवार से प्रभावी होंगी। कंपनी ने कदम किसानों से दूध की खरीद कीमतों में हुई वृद्धि के कारण उठाया है, जिसका कुछ बोझ उपभोक्ताओं पर डालना पड़ रहा है। सूत्रों ने जानकारी दी कि मदर डेयरी अपनी बिक्री आय का एक बड़ा हिस्सा, लगभग 75-80 प्रतिशत, दूध उत्पादक किसानों को देती है। यह बढ़ोतरी कंपनी द्वारा पहले मई 2026 और अप्रैल 2025 में की गई मूल्य वृद्धि के बाद हुई है।

मदर डेयरी के प्रवक्ता ने हालांकि इस मामले पर टिप्पणी करने से इंकार किया है। ताजा संशोधन के बाद, प्रमुख किस्मों की कीमतें इस प्रकार होंगी- टोंड दूध (थोक वितरण) 58 रुपए से बढ़कर 60 रुपए प्रति लीटर, फुल क्रीम दूध (पाउच) 72 रुपए से बढ़कर 76 रुपए प्रति लीटर, टोंड दूध (पाउच) 60 रुपए से बढ़कर 62 रुपए प्रति लीटर, डबल टोंड दूध 54 से बढ़कर 56 रुपए प्रति लीटर और गाय का दूध 62 से बढ़कर 65 रुपए प्रति लीटर हो जाएगा। मदर डेयरी दिल्ली-एनसीआर में प्रतिदिन करीब 35 लाख लीटर दूध की आपूर्ति करती है, जबकि देश भर में इसकी कुल दैनिक बिक्री 50 लाख लीटर से अधिक है।



दुनिया भर में ईंधन की कीमतों में गिरावट, भारत में नहीं आया बदलाव

मुम्बई ।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में बुधवार को कच्चे तेल की कीमतों में जमकर गिरावट दर्ज की गई है। ब्रेंट क्रूड 90 डॉलर प्रति बैरल के बेहद करीब आ गया है, जिससे दुनिया भर में पेट्रोल की औसत कीमतें 150 रुपये प्रति लीटर से नीचे आ गई हैं। वहीं इसके विपरीत डीजल की कीमतों में बढ़त आई है। दूसरी ओर भारत की बात करें तो कीमतों में बदलाव नहीं आया है। आंकड़ों के मुताबिक, दुनिया में पेट्रोल की औसत कीमत जहां 150 रुपये प्रति लीटर से नीचे आ गई है, वहीं डीजल की औसत कीमत 158.73 रुपये से बढ़कर 159.05 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इसके मुकाबले, भारत में पेट्रोल का औसत रेट लगभग 108 रुपये प्रति लीटर और डीजल का 98.10 रुपये प्रति लीटर है।दुनिया भर के विभिन्न देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भारी अंतर देखने को मिलता है। वेनेजुएला में एक लीटर डीजल लगभग 40 पैसे और पेट्रोल 3.31 रुपये में उपलब्ध है। लीबिया में 2.21 रुपये प्रति लीटर के साथ दुनिया का सबसे सस्ता पेट्रोल मिलता है। वहीं, हांगकांग में 419.25 रुपये प्रति लीटर के साथ दुनिया का सबसे महंगा पेट्रोल बिकता है, जबकि डीजल 458 रुपये प्रति लीटर है।

म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स की बंपर कमाई, वित्तीय साल 26 में कमीशन 16,551 करोड़

नई दिल्ली ।

म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स की कमीशन से होने वाली कमाई में वृद्धि जारी है, भले ही शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव रहा हो और निवेशकों के बीच डायरेक्ट म्यूचुअल फंड प्लान की लोकप्रियता बढ़ी हो। वित्त वर्ष 2025-26 (वित्तीय साल 26) में, देश की शीर्ष 10 म्यूचुअल फंड कंपनियों ने डिस्ट्रीब्यूटर्स को कुल 16,551 करोड़ रुपये का कमीशन दिया। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष (वित्तीय साल 25) के 14,797 करोड़ रुपये के मुकाबले 12 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दिखाता है, जो एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) की वृद्धि पर दबाव के बावजूद दर्ज किया गया।

म्यूचुअल फंड कंपनियां अपने डिस्ट्रीब्यूटर्स को उनके द्वारा जुटाए गए और फंड में बने रहने वाले निवेश के आधार पर कमीशन देती हैं, जिसकी दरें विभिन्न स्कीमों के अनुसार अलग-अलग होती हैं। देश की सबसे बड़ी म्यूचुअल फंड कंपनियों में से एक, एसबीआई म्यूचुअल फंड ने वित्त वर्ष 2026 में कुल 3,159 करोड़ रुपये का कमीशन दिया, जो बीते वित्त वर्ष के मुकाबले 10.7 फीसदी अधिक है। इसमें से 1,605 करोड का कमीशन उसकी स्पॉन्सर बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड का कुल कमीशन भुगतान 17.5 फीसदी बढ़कर 2,783 करोड़ हो गया, जबकि उसकी स्पॉन्सर बैंक आईसीआईसीआई बैंक को मिलने वाले कमीशन में 9.1 फीसदी की वृद्धि हुई और यह 379 करोड़ रुपये रहा। एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ने वित्त वर्ष 2026 में डिस्ट्रीब्यूटर्स को कुल 2,471 करोड़ रुपये का कमीशन दिया।

संतुलित निवेश रणनीति हाइब्रिड,सोना और किस्तों में निवेश

नई दिल्ली ।

वैश्विक अनिश्चितता, बढ़ती तेल कीमतों और बॉन्ड यील्ड में उछाल के मौजूदा दौर में, प्राइवेट वेल्थ ने निवेशकों के लिए संतुलित निवेश रणनीति पेश की है। अपनी रिपोर्ट में, कंपनी ने इक्विटी पोर्टफोलियो में विविधता लाने का सुझाव दिया है। इसके तहत, निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो का 40 फीसदी हिस्सा हाइब्रिड और लार्ज कैप रणनीतियों में, 50 फीसदी मिड और स्मॉल कैप शेयरों में, और शेष 10 फीसदी विदेशी शेयरों में लगाने की सलाह दी गई है। बाजार पर न्यूट्रल रुख के बावजूद, कंपनी मिड और स्मॉल कैप शेयरों को प्राथमिकता देना जारी रखेगी है।

निवेश के तरीके पर, रिपोर्ट हाइब्रिड रणनीतियों में एकमुश्त निवेश करने और शुद्ध इक्विटी आधारित योजनाओं में धीरे-धीरे किस्तों (एसआईपी) में निवेश करने की सलाह देती है। यह रणनीति बाजार के ऊंचे स्तरों पर पैसा लगाने के जोखिम को कम करने में सहायक हो सकती है। जानकारों का मानना है कि भारतीय शेयर बाजार भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है। हालांकि, भारत की आर्थिक वृद्धि मजबूत बनी हुई है, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.8 फीसदी रही और निफ्टी 50 कंपनियों का शुद्ध मुनाफा भी सालाना आधार पर 18 फीसदी बढ़ा।

माइक्रोसॉफ्ट ने कुछ समय के लिए एनवीडिया को पछाड़ा, कारोबार बंद होने तक स्थिति बदली

एआई क्षेत्र में भारी निवेश से मिलने वाले मुनाफे को लेकर निवेशकों में चिंताएं

नई दिल्ली।

एनवीडिया के सीईओ जेनसन हुआंग से जुड़े जासूसी विवाद और एआई कारोबार को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण कंपनी के शेयरों में तेज गिरावट देखी गई। मंगलवार को अमेरिकी शेयर बाजार में एनवीडिया का शेयर छह फीसदी से ज्यादा टूट गया, जिसके चलते अमेरिकी तकनीकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने कारोबार के दौरान कुछ समय के लिए बाजार पूंजीकरण में उसे पीछे छोड़ दिया।

इस दौरान माइक्रोसॉफ्ट दुनिया की दूसरी सबसे मूल्यवान सूचीबद्ध कंपनी बन गई। हालांकि, कारोबार बंद होने तक एनवीडिया ने अपनी दूसरी स्थिति वापस हासिल कर ली। जानकारों के मुताबिक निवेशक इस बात को लेकर चिंतित हैं कि जेनसन हुआंग, जो 33 सालों से एनवीडिया का नेतृत्व कर रहे हैं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में इस्तेमाल होने वाली उन्नत चिप बनाने में उनकी अहम भूमिका रही है, उनसे जुड़ी यह जांच कंपनी के नेतृत्व और भविष्य की कारोबारी रणनीति पर क्या असर डालेगी। इसके अतिरिक्त, एआई क्षेत्र में भारी निवेश से मिलने वाले भविष्य के मुनाफे को लेकर भी निवेशकों में चिंताएं बनी हुई हैं। इन कारणों से एनवीडिया के शेयरों में बिकवाली तेज हुई है।कारोबार के दौरान एनवीडिया का शेयर छह फीसदी से ज्यादा गिरकर करीब 167.11 डॉलर पर आ गया था। वहीं, माइक्रोसॉफ्ट का शेयर महज 0.4 फीसदी की गिरावट के साथ 543.25 डॉलर पर कारोबार कर रहा था, जिससे वह एनवीडिया से आगे निकल गया। कारोबार खत्म होने पर एनवीडिया का शेयर 5.47 फीसदी की गिरावट के साथ 168.89 डॉलर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, माइक्रोसॉफ्ट का शेयर 2.20 फीसदी गिरकर 533.16 डॉलर पर बंद हुआ। दिन के अंत में, एनवीडिया का बाजार पूंजीकरण करीब 4.07 लाख करोड़ डॉलर रहा, जबकि माइक्रोसॉफ्ट का 3.96 लाख करोड़ डॉलर था।

एनवीडिया के सीईओ जेनसन के विवाद से कंपनी के शेयरों में आई भारी गिरावट

गिरावट का फायदा माइक्रोसॉफ्ट को मिला, बनी दूसरी सबसे बड़ी वैल्युएबल कंपनी

वाशिंगटन।

एनवीडिया के सीईओ जेनसन हुआंग के व्यक्तिगत संबंधों की खबरों के बीच कंपनी के शेयरों में लगातार दूसरे दिन बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। मंगलवार को एनवीडिया के शेयर 6फीसदी से ज्यादा टूट गए, जिससे महज दो कारोबारी सत्रों में कंपनी की मार्केट कैप से करीब 470 अरब डॉलर कम हो गए। शेयरों में इस बड़ी गिरावट का फायदा उठाते हुए माइक्रोसॉफ्ट ने बाजी मार ली और एनवीडिया को पीछे छोड़कर दुनिया की दूसरी सबसे वैल्युएबल कंपनी बन गई। यह जून 2025 के बाद पहली बार है जब माइक्रोसॉफ्ट ने यह उपलब्धि हासिल की है।

अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि जेनसन हुआंग के एक चीनी कारोबारी महिला, एलिस हुआंग के साथ संबंधों ने चीन में एनवीडिया के चिप्स की आपूर्ति को आसान बनाने में भूमिका निभाई। एलिस पर चीन के लिए जासूसी करने के आरोप भी लगे हैं। इस पूरे मामले ने एनवीडिया की कारोबारी साख, अमेरिकी निर्यात नियमों के पालन और कंपनी के नेतृत्व को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एनवीडिया के बोर्ड ने इस विवाद के सामने आने के बाद रविवार को जांच शुरू कर दी है। वहीं, अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई इस बात की पड़ताल कर रही है कि क्या जेनसन हुआंग को किसी विदेशी खुफिया एजेंसी ने निशाना बनाया था। मीडिया रिपोर्ट में जानकारों के मुताबिक फिलहाल निवेशकों की चिंता सिर्फ सीईओ से जुड़े विवाद तक सीमित नहीं है। उन्हें यह भी डर है कि अगर इस मामले में अमेरिकी नियमों के उल्लंघन की बात सामने आती है, तो एनवीडिया के कारोबार पर और प्रतिबंध लग सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक जेनसन हुआंग और एलिस हुआंग के संबंधों से चीन में करीब 7.5 अरब डॉलर के एनवीडिया चिप्स की आपूर्ति को मदद मिली।

पंचकमल में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने की जनसुनवाई

पंचकूला

हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने पंचकूला स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय पंचकमल में आयोजित नियमित जनसुनवाई के दौरान नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना।

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण और आवश्यक विभागीय समन्वय के निर्देश दिए। जनता की समस्याओं का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकताः कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। जनता की बात सुनना और उसकी जायज समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाना प्रत्येक जनप्रतिनिधि का दायित्व है।



उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल नागरिकों की शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि उनकी समस्याओं का उचित समाधान सुनिश्चित करना है। हमारा प्रयास है कि किसी भी नागरिक को अपनी जायज समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

नियमित जनसुनवाई से मजबूत हो रहा जनता और सरकार के बीच संवाद

मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में प्रत्येक महीने के दूसरे और चौथे गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक नियमित जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस पहल के माध्यम से नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे जनप्रतिनिधि के समक्ष रखने का अवसर मिलता है।

उन्होंने कहा कि जनता से सीधा संवाद शासन व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जनसुनवाई के माध्यम से न केवल नागरिकों की समस्याओं की वास्तविक स्थिति समझने का अवसर मिलता है, बल्कि जनहित से जुड़े सुझावों और आवश्यकताओं को भी जानने में मदद मिलती है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सुशासन और जनकल्याण पर विशेष जोर

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार जनहित, सुशासन और जवाबदेह प्रशासन के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से मिले।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मूल मंत्र से प्रेरणा लेते हुए प्रदेश सरकार आमजन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने और उनकी समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। जनसुनवाई के दौरान कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान में अनावश्यक देरी न की जाए। जिन मामलों का समाधान विभागीय स्तर पर संभव है, उनमें नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई की जाए। वहीं, जिन मामलों में विभिन्न विभागों के समन्वय की आवश्यकता है, उनमें आपसी तालमेल स्थापित कर समाधान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए। प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से विचार होना चाहिए और नागरिकों को उनकी समस्या पर की गई कार्रवाई की उचित जानकारी भी मिलनी चाहिए। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि जनसेवा किसी एक कार्यक्रम या अवसर तक सीमित नहीं है, बल्कि यह निरंतर निभाई जाने वाली जिम्मेदारी है।

सार संक्षेप

सोनिया गांधी की किताब में आंदोलन के जिक्र पर अन्ना हजारे बोले-'मेरी आलोचना छोड़ो और देश की समस्याओं पर ध्यान दो'



अहिल्यानगर। सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने रालेगण सिद्धि में मीडिया से बात करते हुए सोनिया गांधी की पुस्तक में अपने आंदोलन की आलोचना का जवाब देते हुए कहा कि वे किसी राजनीतिक दल के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र और समाज के लिए काम करते हैं। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की किताब में अन्ना हजारे के आंदोलन का उल्लेख करते हुए की गई टिप्पणी पर अन्ना हजारे ने पलटवार किया है।

सोनिया गांधी का नाम लिए बिना उन्होंने निशाना साधा और कहा, "मेरे आंदोलन से आरएसएस और भाजपा के भी कई लोग घर चले गए थे। मैं किसी पार्टी या राजनीतिक दल के बारे में नहीं सोचता बल्कि मेरे सामने सिर्फ समाज और देश है। आप संकुचित दृष्टिकोण से काम कर रहे हैं, यह उचित नहीं है। देश के बारे में सोचिए। आज देश किस दिशा में जा रहा है और विशाल भारत की क्या स्थिति है, इस पर विचार करने की जरूरत है। कांग्रेस हो या भाजपा, मेरा किसी भी पार्टी से कोई संबंध नहीं है। मैं केवल समाज और देश के हित की बात करता हूं।" उन्होंने कहा, "अकाल पड़ा है, आपके पास पैसों की कमी नहीं है, इसलिए ऐसे मुद्दों पर विचार कीजिए और समाज के लिए काम कीजिए। मेरी आलोचना करने के बजाय देश और समाज के सामने खड़ी समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए।"

अन्ना हजारे ने अपनी आने वाली किताब 'अण्णा हजारे ग्रामयोगी' का जिक्र करते हुए कहा कि यह पुस्तक भी पढ़नी चाहिए, इससे आपको सीख मिलेगी। मेरे बारे में कोई क्या लिखता है, मैं इसकी चिंता नहीं करता। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, 'जिस पेड़ पर फल लगते हैं, लोग उसी पेड़ पर पत्थर मारते हैं। जिस पेड़ पर फल ही नहीं होते, उस पर कोई पत्थर क्यों मारेगा?'

बता दें कि सोनिया गांधी ने अपनी किताब 'बिलॉन्गिंगः अ जर्नी ऑफ लव' के अध्याय 33 के पेज 461 पर लिखा है कि 2012 में महाराष्ट्र के एक प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता बाबूराव 'अन्ना' हजारे एक ऐसे आंदोलन का चेहरा बनकर उभरे, जिसने खुद को 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' कहा लेकिन यह आंदोलन राष्ट्रीय स्तर पर 2011 में चर्चा में आया था, खासकर तब जब अन्ना हजारे ने 5 अप्रैल 2011 को दिल्ली के जंतर-मंतर पर जन लोकपाल विधेयक की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की थी। इस अभियान से अरविंद केजरीवाल, किरण बेदी और बाबा रामदेव जैसे कई प्रमुख चेहरे भी जुड़े थे, हालांकि उनकी मांगें और भूमिकाएं अलग-अलग थीं।

अर्शदीप सिंह ने समरीन कौर से की सगाई, न्यूजीलैंड में एक-दूसरे को पहनाई अंगूठी, सोशल मीडिया पर शेयर की तस्वीरें

नई दिल्ली। भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अभिनेत्री और मॉडल समरीन कौर से न्यूजीलैंड में सगाई कर ली है। समरीन ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी है। अर्शदीप और समरीन लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे और दोनों को कई बार एकसाथ देखा गया था। हालांकि, अर्शदीप और समरीन ने अब जिंदगी की नई पारी का आगाज किया है। समरीन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में समरीन के साथ तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में समरीन की उंगली में अंगूठी नजर आ रही है। वहीं, एक अन्य तस्वीर में अर्शदीप समरीन को प्रपोज करते हुए दिखाई दे रहे हैं। समरीन ने अपने पोस्ट में लिखा, "और जिंदगी हमें जो कुछ भी दे सकती थी, उसमें से मुझे सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि उसने हमें एक-दूसरे से मिलाया। जीवन भर साथ रहने के लिए।11.11.2026। हेलो मगेतर।" अर्शदीप इस समय भारतीय टीम के साथ न्यूजीलैंड दौरे पर है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज में अर्शदीप का प्रदर्शन अब तक शानदार रहा है।

रेस्टोरेंट से खाना ऑर्डर करने के बहाने 22,500 रुपये की साइबर ठगी

फरीदाबाद

रेस्टोरेंट से खाना ऑर्डर करने के बहाने 22,500 रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना एन आई टी की टीम ने आरोपी अतीशान उर्फ अतीशान, निवासी गांव जोधपुर, जिला डीग, राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-21अ निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि वह गांव भांकरी में रेस्टोरेंट चलाता है। 25 जुलाई को उसके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉलर ने 4-5 सब्जियों और 35-40 रोटियों का ऑर्डर दिया। इसके बाद आरोपी ने 1,500 रुपये की पेमेंट करने के बजाय 15,000 रुपये का



फर्जी ट्रांजेक्शन मैसेज भेजकर गलती से अधिक पैसे भेजने की बात कही और खाने के पैसे काटकर शेष रकम वापस भेजने को कहा। आरोपी की बातों में आकर शिकायतकर्ता ने 13,500 रुपये वापस भेज दिए। इस प्रकार आरोपी ने दो बार में कुल 22,500 रुपये की ठगी कर ली। शिकायत के आधार पर साइबर थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने शिकायतकर्ता को कॉल कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया था तथा वह इस मामले में सेकेंड लेयर खाताधारक भी है। इससे पहले गिरफ्तार खाताधारक जमशेद के खाते से 6,500 रुपये आरोपी के खाते में आए थे। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

महाराष्ट्र के सीईओ ने 2024 के चुनावों में मतदान में गड़बड़ी के दावों को खारिज किया

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने बुधवार को 'रिपोर्टर्स कलेक्टिव' के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि 2024 के चुनावों में महाराष्ट्र, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की 51 विधानसभा सीटों पर डाले गए वोट और गिने गए वोटों के आंकड़े मेल नहीं खाते।

सीईओ ने इन आरोपों को "भ्रामक" बताया। 'एक्स' पर किए गए एक पोस्ट में दावों को खारिज करते हुए महाराष्ट्र के मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि मतदान के दिन डाले गए वोटों के वास्तविक आंकड़े 'फॉर्म 17' में उम्मीदवारों के पोलिंग एजेंटों के साथ साझा किए जाते हैं। वोटों की गिनती के समय, इन आंकड़ों का मिलान ईवीएम में दर्ज आंकड़ों से किया जाता है। सीईओ ने स्पष्ट किया कि इस संबंध में उन्हें आंकड़ों के अंतर को लेकर किसी की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है। 'रिपोर्टर्स कलेक्टिव' किसी भी स्पष्टीकरण के लिए चुनाव आयोग से संपर्क कर सकता था।

यह बात तब सामने आई है जब 'रिपोर्टर्स कलेक्टिव' ने दावा किया कि भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के 2024 चुनावों के आंतरिक रिकॉर्ड से पता चलता है कि महाराष्ट्र, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की 51 सीटों पर डाले गए वोटों और गिने गए वोटों में मेल नहीं है।

रिकॉर्ड का हवाला देते हुए महाराष्ट्र के सीईओ ने बताया कि चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध 'बीड विधानसभा क्षेत्र' के इंडेक्स कार्ड के अनुसार, इस क्षेत्र में कुल 3,84,885 मतदाता थे। पोस्टल वोटों को मिलाकर कुल डाले गए वोटों की संख्या 2,42,084 थी।

रीवा के भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा ने विवादित बयान के बाद माफी मांगी

भोपाल। मध्य प्रदेश के रीवा से सांसद जनार्दन मिश्रा किसानों पर विवादित टिप्पणी करके मुश्किल में फंस गए और जब उनकी चौतरफा आलोचना हुई तो उन्होंने एक वीडियो जारी कर माफी मांगी है । दरअसल सांसद मिश्रा ने किसानों को लेकर एक बयान दिया था जिसका वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वे कहते दिख रहे है कि किसान तीन महीने ही मेहनत करता है और नौ महीने ताश खेलता है, गुटखा खाता है, बोतल से पीता है, चोंगी पीता है और जय भोले करता है। सांसद जनार्दन मिश्रा के इस बयान की खूब आलोचना हुई और उनके इस बयान से पार्टी भी नाराज है, परिणाम स्वरुप बुधवार को संसद मिश्रा ने एक वीडियो जारी कर माफी मांगी है। सांसद जनार्दन मिश्रा की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि वह गोवर्धन पूजा के मौके पर गौशाला में कार्यक्रम में थे, जहां किसानों की समस्याओं पर बात कर रहा था । इस दौरान मुझ से कुछ ऐसे शब्द निकल गए जिससे किसानों को आघात लगा जबकि मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं था। उन्होंने आगे कहा है कि मैं भी किसान परिवार से आता हूं और किसानों की समस्याओं से परिचित भी हूं किसानों को बेहतर सुविधाएं मिले यह मेरे प्रयास रहे हैं साथ ही गांव की मजबूती के लिए प्रयासरत रहता हूं । मेरे बयान को तोड़ मरोड़ का पेश किया गया है, किसानों को आघात पहुंचाने का मेरा कोई इरादा नहीं था किसानों की समस्याओं के लिए लड़ाई लड़ता रहूंगा और आगे भी उनके साथ खड़ा हूं। रीवा से सांसद जनार्दन मिश्रा के बयान पर किसानों में खुलकर अपनी राय जाहिर की थी और कहा था कि किसान सिर्फ तीन महीने काम नहीं करता बल्कि साल के 365 दिन परेशान रहता है। किसानों का कहना था कि खाद बीज उसे समय पर नहीं मिलता और जब उपज आ जाती है तो उसका दाम नहीं मिलता। सांसद के बयान के बाद पार्टी भी अपने आपको असहज महसूस कर रही थी और उसी के चलते सांसद को एक वीडियो जारी कर माफी मांगना पड़ी है।

बजाज जनरल इंश्योरेंस ने सड़क सुरक्षा, मोटर बीमा और सरकारी दुर्घटना सहायता योजनाओं के बारे में लोगों को किया जागरूक

नई दिल्ली। भारत की प्रमुख प्राइवेट जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पूर्व नाम बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड) ने जमीनी स्तर पर जनभागीदारी की पहल के तहत सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पुणे ट्रैफिक पुलिस के साथ साझेदारी की है। इस पहल के तहत, कंपनी ने पुणे के येरवडा बजाज जनरल मेट्रो स्टेशन पर एक डिजिटल शाखा का उद्घाटन किया है, जिसके माध्यम से यात्रियों को मोटर बीमा से जुड़ी जरूरी जानकारी और सड़क दुर्घटना में सहायता से जुड़ी पहलों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

यह डिजिटल शाखा हर दिन इस स्टेशन से आने-जाने वाले हजारों यात्रियों को ध्यान में रखकर बनाई गई है, जहां से वाहन मालिक आसानी से अपने थर्ड पार्टी (टीपी) मोटर बीमा की वैधता जांच सकते हैं।

एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2026 की ट्रॉफी का खेल मंत्री विश्वास सारंग ने किया अनावरण

भोपाल

विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 का आयोजन 19 से 28 नवंबर तक भोपाल के नाथू बरखेड़ा में बने नए इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होना है। राज्य के खेल मंत्री विश्वास सारंग ने टूर्नामेंट की ट्रॉफी का अनावरण बुधवार को किया और हरी झंडी दिखाकर टूर के लिए रवाना किया।

इस अवसर पर विश्वास सारंग ने मीडिया से कहा, मध्यप्रदेश में खेलों के विकास के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम लगातार प्रयासरत हैं। यह प्रसन्नता की बात है कि नाथू बड़खेड़ा में हमारा इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का पहला चरण



बनकर तैयार है। अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर का उद्घाटन अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के माध्यम से ही हो रहा है।

उन्होंने कहा, एशियन विमेन हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन हम 19 नवंबर को कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विचार है कि हर आयोजन में हम अवसर ढूंढें, इसलिए ये आयोजन सिर्फ एक हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन ही नहीं है जिसमें 6 टीमें हिस्सा ले रही हैं। हम मध्यप्रदेश और भोपाल में हॉकी की चमक को स्थापित करने के उद्देश्य से यह आयोजन कर रहे हैं। हमने ट्रॉफी को जनता के बीच प्रदर्शित किया है। पूरे प्रदेश में ट्रॉफी का टूर कराया जाएगा। मुख्यालयों में बड़े-बड़े कार्यक्रम होंगे। इसमें जन प्रतिनिधि और हॉकी से जुड़े खिलाड़ी उपस्थित होंगे। सारंग ने कहा, हमने ट्रॉफी टूर रथ को भोपाल से शुरू किया है। ट्रॉफी टूर 17 नवंबर तक चलेगा। 12 नवंबर से 19 नवंबर तक ये सप्ताह पूर्णतः हम हॉकी को समर्पित करेंगे। आयोजन के पहले प्रदेश में हॉकी के प्रति सकारात्मक माहौल बने, युवाओं में आकर्षण बढ़े और हॉकी से जुड़े खिलाड़ियों को इस आयोजन के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर मिले। इसके लिए हमने कार्यक्रम बनाया है। ट्रॉफी के प्रदर्शन के समय राज्य के युवा खिलाड़ी बड़ी संख्या में हॉकी के साथ उपस्थित थे। विश्वास सारंग ने ट्रॉफी का अनावरण युवा खिलाड़ियों के बीच बैठकर किया। ट्रॉफी को राज्य टूर के लिए विशेष वाहन पर खेल मंत्री सारंग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 में भारत के अलावा चीन, जापान, मलेशिया, थाईलैंड और साउथ कोरिया शामिल होंगे।

विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 के लिए भारतीय टीमः

गोलकीपरः बंसरी सोलंकी, बीचू देवी खारीबाम,

डिफेंडरः निक्की प्रधान, ज्योति, ज्योति सिंह, सुशीला चानू लालथंतलुआंगी, पूजा साहू,

मिडफील्डरः रुतुजा दादासो पिसल, सुनीता टोप्पो, सलीमा टेटे (कप्तान), नेहा, साक्षी राणा, बलजीत कौर, इशिका,

फॉरवर्डः नवनीत कौर, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग, लालरेमसियामी, मुमताज खान।

संरक्षकः संजय शुक्ला,(सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

सलाहकार संपादकः रिजवान सैफ खान

सह सपांदकः मोहम्मद दानिश फारुक्की ,

सह संपादकः राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

सीएनएच ने उत्तर प्रदेश में अपने नए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का निर्माण कार्य शुरू किया

ग्रेटर नोएडा। कृषि और निर्माण उपकरणों के क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी कंपनी सीएनएच इंडस्ट्रियल एन.वी. ने आज उत्तर प्रदेश में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में अपनी नई ग्रीनफील्ड विनिर्माण इकाई का निर्माण कार्य औपचारिक रूप से शुरू किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, सीएनएच के निदेशक मंडल की अध्यक्ष सुजैन हेवुड, कंपनी के सीईओ गेरिट मार्क्स और भारत क्षेत्र के अध्यक्ष नरिंदर मित्तल



उपस्थित रहे। यह आयोजन भारत में कंपनी की दीर्घकालिक निवेश और विकास योजनाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 100 एकड़ में फैली यह नई इकाई भारत में सीएनएच की विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करेगी और घरेलू व वैश्विक बाजारों में भारत में निर्मित ट्रैक्टरों की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद करेगी। पूरी क्षमता से संचालित होने पर इस नए संयंत्र में हर साल 1 लाख ट्रैक्टरों का उत्पादन किया जा सकेगा। इस अवसर पर सीएनएच के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गेरिट मार्क्स ने कहा, सीएनएच के वैश्विक विनिर्माण और प्रौद्योगिकी तंत्र में भारत की भूमिका लगातार रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होती जा रही है। यीडा में हमारी नई इकाई का निर्माण कार्य शुरू होना, भारत में विनिर्माण

देशभक्ति और बलिदान की कहानी लेकर आए सलमान खान

मुंबई। सलमान खान की मंगलवार को आने वाली फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' का ट्रेलर जारी किया गया। यह फिल्म देशभक्ति, बलिदान और युद्ध की मानवीय कीमत की एक दमदार कहानी पेश करने का वादा करती है। ट्रेलर की शुरूआत दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्रों में से एक में बर्फीले तूफान (एवलांच) के दृश्यों से होती है, जहां चीनी सैनिक 'लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल' (एलएसी) के भारतीय हिस्से में घुसपैठ करने की तैयारी कर रहे हैं। सलमान एक बेहद काबिल सैनिक के रूप में शानदार एंट्री करते हैं, जिनमें समझदारी और ताकत का बेहतरीन संतुलन है। इसके बाद ट्रेलर उनकी निजी जिंदगी की झलक दिखाता है, जिसमें अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह उनकी पत्नी के रूप में नजर आती हैं, जो उन्हें मिशन पर भेजे जाने को लेकर चिंतित हैं। तब सलमान उन्हें समझाते हैं कि यह कोई गोलीबारी वाली लड़ाई नहीं होगी, क्योंकि एलएसी पर आमना-सामना होने पर चीनी और भारतीय सैनिक बंदूकों का इस्तेमाल नहीं करते। ऐसा दोनों देशों के बीच हुए उन समझौतों की वजह से है, जिनका मकसद सैन्य तनाव को पूर्ण युद्ध में बदलने से रोकना है।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी